

MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 40 | ग्वालियर, गुरुवार 24अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## यूपी में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनायें : योगी

- यूपी की प्रगति संतोषजनक पर संभावनाओं को देखते हुए ये पर्याप्त नहीं
- यूपीवासियों को मिलेगा रोजगार









लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनायें और प्रचुर संसाधन है जिसकी बदौलत यह राज्य भारत को रेडिमेट गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया में अहम स्थान दिला सकता है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो के उदघाटन के अवसर पर श्री योगी ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स के क्षेत्र में दुनिया के छोटे–छोटे देशों की धमक है। जिन लोगों के पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन भी है। काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। इस संभावना को आगे बढाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा। सीएम योगी आगे कहा कि 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए पॉलिसी बनाई। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिह्नित करते हुए आगे बढाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीओपी को सरकार ने मार्केट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोर्ट भी प्रारंभ हुआ। यूपी के 75 जनपदों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। यह संभावना यूपी में हैं। वाराणसी, भदोही व मुबारकपुर की साड़ियों के माध्यम से भी यूपी के पोटेंशियल को बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है। सिल्क एक्सपो इस फील्ड में यूपी की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बने, इस पर हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का नारा सदैव से प्रचलित रहा है। जीव सृष्टि व किसी भी व्यक्ति के लिए हवा–पानी तो आवश्यक है ही लेकिन रोटी, कपड़ा मकान भी आवश्यक है। कपड़ा न सिर्फ जीवन की आवश्यकता है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम भी है। रेशम, प्राचीन काल से ही इसकी अलग–अलग पद्धतियां रही हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में इस फील्ड में अनेक संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। उप्र ने पिछले कुछ समय में प्रगति की है। पहले की तुलना में यह संतोषजनक है, लेकिन अभी उप्र जैसे बड़े राज्य की दृष्टि से यह अपर्याप्त है। यहां अत्यंत संभावनाएं हैं। योगी ने कहा कि सभी को देखना चाहिए कि उत्तर प्रदेश के अंदर क्या संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। यूपी में वाराणसी–भदोही, आजमगढ़ से लेकर वाराणसी तक, चाहे वह मुबारकपुर की साड़ी हो या वाराणसी की। सिल्क कलस्टर विकसित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने इस दिशा में नए प्रयास को आगे बढ़ाया है। वाराणसी की सिल्क साड़ियां पूरे देश में हर मांगलिक कार्यक्रम के लिए पसंद बनती हैं। काशी विश्वनाथ धाम बढ़ने के बाद श्रद्धालुओंव पर्यटकों की बढ़ी संख्या ने इस व्यापार को नई ऊंचाई दी है। वाराणसी में एक्सपो मार्ट के माध्यम से ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर बनने के उपरांत इसमें काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के मुबारकपुर के साड़ी उद्योग से जुड़े उद्यमियों, मीरजापुर, वाराणसी व भदेही के सिल्क कलस्टर की प्रगति को देखकर लगता है कि इसमें बहुत गुंजाइश है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ–हरदोई बार्डर पर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल्स पार्क का वृहद रूप) आने जा रहा है।

## यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की



कज़ान, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और उनसे कहा कि वे यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं और उन्होंने कहा, "भारत हमेशा शांति लाने में मदद करने के लिए तैयार है"। मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा, "मैं रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के विषय पर लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी गई है। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।" प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी लगातार यात्राओं ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने बैठक के दौरान कहा, मैं आपकी मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कज़ान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। कज़ान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने पुतिन से कहा यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कज़ान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। द्विपक्षीय बैठक में प्रधानमंत्री ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हरसंभव सहयोग देने की भारत की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे विवाद के विषय पर मैं लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी जाती है।

## वक्फ पैनल की बैठक में हंगामा, तृणमूल सांसद ने गुस्से में बोतल तोड़ी, अपने हाथ को किया घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक के दौरान उस समय तनाव बढ गया, जब तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने हताशा में कांच की पानी की बोतल तोड़कर अपना हाथ घायल कर लिया। यह घटना बनर्जी और भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच तीखी नोकझोंक के बीच हुई, जिसके कारण संसद भवन में कार्यवाही कुछ देर के लिए रोकनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बहस के दौरान बनर्जी ने बोतल से मेज पर प्रहार किया, जिससे उनके हाथ में गहरी चोट लग गई।



सांसद को चोट के लिए चार टांके लगाने पड़े। दुर्घटना के बाद, उन्हें एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी और आप के संजय सिंह बैठक कक्ष में वापस ले जाते हुए देखे गए। मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में हुए हंगामे के बीच तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कांच की पानी की बोतल तोड़कर अपना हाथ घायल कर लिया। सूत्रों ने बताया कि यह घटना भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय और कल्याण बनर्जी के बीच तीखी नोकझोंक के दौरान हुई। सूत्रों ने बताया कि जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बनर्जी को वक्फ बिल पैनल की अगली बैठक से निलंबित कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह फैसला मतदान के जरिए लिया गया और तृणमूल सांसद के निलंबन के पक्ष में नौ और विपक्ष में सात वोट पड़े।

## "रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ" कैंपेन की हुई दिल्ली में शुरुआत, प्रदषण रोकने के लिए खास पहल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार बढ़ते प्रदूषण संकट से निपटने के लिए कदम उठा रही है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए लगातार राजनीति भी बढ़ रही है। भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी पर हमलावर है। इसी बीच दिल्ली में प्रदूषण रोकने के प्रयास के मद्देनजर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को "रेड लाइट ऑन–गाड़ी ऑफ" अभियान की शुरुआत की। आईटीओ चौराहे पर अभियान की शुरुआत करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने वाहन चालकों से अपील की कि वे लाल बत्ती पर अपने वाहनों के इंजन बंद करके प्रदूषण कम करने में मदद करें। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का मुख्य कारण बायोमास जलाना, धूल और वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन है। इसे दूर करने के लिए "रेड लाइट ऑन – गाड़ी ऑफ" अभियान शुरु किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने पराली जलाने की घटनाओं में कमी की है, लेकिन हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने पर्याप्त कार्रवाई नहीं की है और वहां घटनाएं जारी हैं, जिससे दिल्लीवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पर्यावरण मंत्री ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में दिल्लीवासियों और संबंधित विभागों की कड़ी मेहनत के कारण प्रदूषण के स्तर में लगभग 34.6 प्रतिशत की कमी आई है।



## देश के कुछ सीआरपीएफ स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

- ई मेल के जरिए संदेश भेजा गया
- बॉम्ब स्क्वाड ने की जांच



नई दिल्ली, एजेंसी। देश भर के कई राज्यों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इससे पहले रविवार को ही दिल्ली के एक सीआरपीएफ स्कूल के पास बम धमाका हुआ था। उसके बाद अब एक बार फिर से कई राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जानकारी के मुताबिक सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स यानी सीआरपीएफ के दिल्ली स्थित दो और हैदराबाद स्थित एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए सीआरपीएफ स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई है। वहीं मेल भेजने वाले ने पूर्व डीएमके लीडर जफर सादिक की गिरफ्तारी का जिक्र भी किया है। इसे हाल में ही एनसीबी और ईडी ने गिरफ्तार किया था। वहीं तमिलनाडु के कोयंबटूर के चिन्नावेदमपट्टी और सरवनमपट्टी स्थित दो निजी स्कूलों को भी बम की धमकी दी गई है। जानकारी के मुताबिक जिन स्कूलों को बम की धमकी मिली है वहां बॉम्ब स्क्वाड की टीमों को भेजा गया है। धमकी मिलने वाले स्कूलों में बॉम्ब स्क्वाड की टीमों ने खाली करवा लिया है। यहां टीमें स्कूलों की जांच कर रही है। हालांकि अब तक स्कूलों में कोई संदिग्ध वस्तु होने की सूचना सामने नहीं आई है। बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब स्कूलों में बम की धमकी मिली है। इससे पहले भी एक साथ कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। वहीं हाल ही में 20 अक्टूबर को दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर ब्लास्ट हुआ था। इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ था। इस ब्लास्ट के कारण दुकानों और स्कूल की दीवारों को नुकसान पहुंचा था। पुलिस भी इस मामले की जांच में जुट गई है।

## ओडिशा में चक्रवात दाना की चेतावनी, बंद हुए स्कूल, सरकार ने जारी किया आदेश

ओडिशा, एजेंसी। ओडिशा में इन दिनों चक्रवात की चेतावनी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र 23 अक्टूबर तक चक्रवात दाना में हो सकता है। ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल में ये चक्रवात पहुंच सकता है। इस तूफान से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है। चक्रवात को लेकर ओडिशा के पुलिस महानिदेशक सुधांशु शेखर सदांगी ने पुष्टि की है कि पुलिस तूफान से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सदांगी ने संवाददाताओं से कहा, "हम चक्रवात के मार्ग पर नज़र रख रहे हैं, चाहे इसका असर बांग्लादेश पर पड़े या ओडिशा पर। हमारी कार्रवाई इसके प्रक्षेप पथ पर निर्भर करेगी, लेकिन फिलहाल तैयारियाँ पूरी हैं।" सुधांशु शेखर सदांगी ने बताया कि वे समुद्र में गए मछुआरों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## वायनाड के लिए मेरी बहन से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता : राहुल

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल में वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से एक दिन पूर्व मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र की सराहना करते इस सीट के लिए कांग्रेस महासचिव को सबसे अच्छा प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वह कल्पना नहीं कर सकते कि वायनाड के लिए उनकी बहन से अच्छा कोई और प्रतिनिधि हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि सुश्री वाड्रा वायनाड की जरूरतों की एक जुनूनी पैरवीकार और संसद में एक शक्तिशाली आवाज होंगी। श्री गांधी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, "वायनाड के लोगों के लिए मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, और मैं अपनी बहन प्रियंका गांधी से बेहतर उनके लिए किसी और प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता।" उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि वह वायनाड की जरूरतों की जोशीली पैरोकार और संसद में एक शक्तिशाली आवाज साबित होंगी। आप लोग कल 23 अक्टूबर को हमारे साथ जुड़ें, जब वह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी।




## 'आप' ने दिल्ली महिला आयोग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को निकालने की निंदा की

नयी दिल्ली,एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप)ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा आदेश पारित करके दिल्ली महिला आयोग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद कजेरीवाल ने 'एक्स' पर कहा, "मेरी जिन बहनों को दिल्ली महिला आयोग से निकला गया है, मैं उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें उनकी नौकरी वापस दिलवाऊंगा, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े।" दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जिस तरह दिवाली से पहले सैकड़ों लोगों के घर उजाड़े और उनकी नौकरियां छीनी हैं, यह भाजपा द्वारा किया गया बड़ा पाप है। भाजपा अपने भाषणों और घोषणापत्र में नौकरियां देने की बात करती है, लेकिन 30–30



साल से संविदा पर काम कर रहे लोगों नौकरियों से निकल देना बेहद शर्मनाक और अमानवीय है। उन्होंने कहा, "यह घटना साफ बताती है कि भाजपा नौकरियों के खिलाफ है। वह सरकार में काम कर रहे लोगों को नौकरी से निकालने के पक्ष में रहती है। न वह केवल लोगों को रोजगार देने में असफल है, बल्कि जो लोग काम कर रहे हैं उनकी भी नौकरियां छीन रही है।"

## बुलडोजर मामला : बहराइच हिंसा आरोपियों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हिंसा और दंगों में कथित रूप से शामिल आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की प्रस्तावित कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जायेगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू सिंह और अन्य वकीलों की शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए इस मामले को 23 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए



अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कथित रूप से दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ तोड़–फोड़ की कार्रवाई इस आधार पर करना चाहती है कि उनका निर्माण अवैध है। इस पर पीठ ने कहा, "आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि वे (राज्य सरकार) इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है।" पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से कहा कि उसे बुधवार तक कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने सहमति जताते हुए कहा, "हम कुछ नहीं करेंगे।" उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बहराइच जिले के एक गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान संगीत बजाने को लेकर कथित रूप से सांप्रदायिक हिंसा में शामिल तीन लोगों की अचल संपत्ति के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने एक अक्टूबर को अपने 17 सितंबर के आदेश को बढ़ा दिया था कि इस न्यायालय की अनुमति के बिना किसी आपराधिक मामले में शामिल अभियुक्त की संपत्ति को ध्वस्त करने के लिए राज्यों द्वारा बुलडोजर का उपयोग नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि, तब सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जल निकायों पर अतिक्रमण से जुड़ी कार्रवाई को छूट दी थी। शीर्ष अदालत ने तब बुलडोजर कार्रवाई के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

# दतिया सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध की कड़ी कार्यवाही शहर के जुआरियो मैं मचा हड़काम टी आई सुनील बनेरिया के नाम से अपराधी तक हो गए सावधान

**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**
थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा जुआ के फ? पर दबिश देकर 27 जुआरियों को पकड़ा, कुल मशरुका 17,84,100/- रूपये कीमती जप्त किया जुआ के फड से एक बोलेरो कार, 08 मोटर साइकिल, 03 स्कूटी, 2,04,000/- नगदी एवं 16 मोबाइल फोन जप्त किए। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे व एसडीओपी दतिया सुश्री प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में दिनांक 23.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी बृजेंद्र कमरिया का घर उन्नाव रोड दतिया पर दविस देकर कुल 27 जुआरियो को घेराबंदी कर पकड़ा एवं 04 जुआरी मौके से भाग गए, उक्त पड़े हुए जुआरियो के नाम पता ही पूछे तो अपने-अपने नाम क्रमशः 1.विनय प्रताप पुत्र राधाचरण गुर्जर निवासी ग्राम सकीं थाना समथर जिला झांसी 2.पंकज पुत्र पेज सिंह दांगी निवासी ग्राम दरियापुर 3.विजय पुत्र उत्तम डांगी निवासी बुंदेला कॉलोनी दतिया 4.इरफान पुत्र मुन्ना खान निवासी अंदर बस्ती इंदरगढ़ 5.आशु पुत्र मुन्ना खान निवासी अंदर बस्ती इंदरगढ़ 6.उमाशंकर पुत्र मुन्नीलाल सेन निवासी ग्राम जूनियर थाना इंदरगढ़ 7.संदीप पुत्र कमल किशोर शर्मा निवासी हजीरा ग्वालियर 8.प्रदीप पुत्र मुन्ना लाल यादव निवासी ग्राम बिसनरी 9.धर्मेंद्र पुत्र मुन्नालाल साबरी रेलवे स्टेशन के पास अटेर रोड जिला भिंड 10.धीरेंद्र पुत्र रामवीर शर्मा निवासी चुनार फाटक दतिया 11.अखिलेश पुत्र देवी शरण श्रीवास्तव निवासी पंचशील नगर दतिया 12.प्रकाश पुत्र दौलत राम सिंधी निवासी ठाकुर बाबा रोड डबरा 13.सज्जन पुत्र कौशल दांगी निवासी ग्राम सिधवारी 14.सत्यवीर पुत्र अखिलेश यादव निवासी हनुमानगढ़ी दतिया 15.राजकुमार उर्फ राजू पुत्र कैलाश नारायण रावत निवासी मानिकपुर कॉलोनी दतिया
16.बृजेंद्र पुत्र नवाब सिंह रावत निवासी ग्राम खीरका 17.कमल सिंह पुत्र राम सिंह कुशवाह निवासी ग्राम पहाड़ी 18.नीलू पुत्र प्रीतम सिंह यादव निवासी कामद रोड इंदरगढ़ 19.सत्येंद्र पुत्र जगदीश शर्मा निवासी ग्राम बड़ोंनकला 20.सुरेंद्र पुत्र पर्वत यादव निवासी लक्ष्मणपुरा दतिया 21.इमरान उर्फ किट्टू खान पिता जमील खान निवासी झांसी 22.उमेश पुत्र मनोज तिवारी निवासी मतानपुर मोहल्ला इंदरगढ़ 23.आशु पुत्र दयाल गडरिया निवासी होलीपूरा दतिया 24.केशव पुत्र गिरवर सिंह यादव निवासी ग्राम हिनोतिया थाना सोनागिर 25.राहुल पुत्र सतीश गुप्ता निवासी अंदर बस्ती इंदरगढ़ 26.शिवम पुत्र मीनू शर्मा निवासी बड़ोंनकला 27.मलखान पुत्र उत्तम सिंह यादव निवासी पंजाब नेशनल बैंक के पास दतिया को मौके पर हार जीत का दाग लगाकर ताश पत्तों से रुपए पैसों का जुआ खेलते पाया जाने पर उक्त आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ कर आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो चार पहिया गाड़ी, 8 मोटरसाइकिल, 03 स्कूटी, 2,04,000/- नगदी, 16 मोबाइल फोन कुल मशरुका 17,84,100/- का जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, एवं अन्य चार आरोपी मौके से फरार हो गए जिनमें नाम क्रमश 28.रघु यादव निवासी उडीना 29.देवेंद्र यादव निवासी पलोथर 30.बृजेंद्र कमरिया निवासी गंजी के हनुमान जी उनाव रोड दतिया 31.शेखर कमरिया निवासी उनाव रोड दतिया उक्त भागे हुए चारों आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में- श्रीमान एसडीपी महोदय सुश्री प्रियंका मिश्रा, निरीक्षक सुनील बनेरिया थाना प्रभारी सिविल लाईन एवं हमराह फोर्स प्रधान आरक्षण 189 विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक 142 शिवप्रकाश मिश्रा, आरक्षक 48 रणवीर सिंह, आरक्षक 68 मनोज जायसवाल, आरक्षक 39 विक्रम सिंह, आरक्षक केशव लिटोरिया, आरक्षक 466 दिनेश कुशवाहा, आरक्षक 23 सुनील कुशवाहा, आरक्षक 674 नंदकिशोर, आरक्षक चालक उमेश,थाना कोतवाली के आरक्षक हेमंत प्रजापति, आरक्षक दीपक शुक्ला,आरक्षक 298 रविंद्र यादव, आरक्षक 698 रविंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## भीमालियां गांव में आईमाताजी धर्म रथ वैल का हुआ आगमन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



पाली- मारवाड़ री धन्य धरा जिला मुख्यालय पाली तहसील मारवाड़ जंक्शन ग्राम पंचायत भिमालिया श्री आई माता का मंदिर (बडेर) गांव भिमालिया श्री आई माता जी का धर्म रथ भैल धर्म प्रचार भ्रमण पर पधारे गांव के कोटवाल जमादारी समस्त पंचो री सहमती से गाजा बाजा तिलक करके भव्य स्वागत किया गया। आज विक्रम संवत् 2081 मिती कार्तिक बदी दूज बीज कृष्ण पक्ष शनिवार दिनांक 19 अक्टूबर सन् 2024 को वैल का बधावा में समाज के लोगों ने आई माताजी के जयकारे लगाए। वैल रथ के साथ आए जति बाबा मंडली पुना महाराज, खेता महाराज, राजेंद्र पंवार,बाबूलाल परिहार, जेठाराम सोलंकी, रतनलाल राठौ?,शंकर हाम्बड का ग्रामीणों ने स्वागत किया। जेठाराम सोलंकी ने बताया कि संध्या आरती में महिलाओं व पुरूषो व बच्चों ने भी हिस्सा लिया। आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए जेठाराम सोलंकी ने माताजी के बताए 11 नियमों की पालना करने की सीख दी। इस दौरान गांव के आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माताजी के दर्शन करके क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। सोलंकी ने बताया कि आईमाता मंदिर हेतु विशेष सहयोग और जवाली सीरवी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष नेमिचंद वीरदाराम परिहार का भीमलिया के प्रति विशेष लगाव रहा।

## पूर्व मंत्री सत्यदेव कटारे की 8 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के पिताजी पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सत्यदेव कटारे की 8 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कटारे परिवार व कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ग्राम मनेपुरा,अटेर स्थित उनकी समाधि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की । उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका आदर्शमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। क्षेत्र के विकास हेतु किए गए उनके अमूल्य योगदान को आगे बढ़ाते हुए,हम उनके विचारों और सपनों की साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर प्रयासरत रहेंगे । श्री कटारे की 8 वीं पुण्यतिथि पर जिला मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. सत्यदेव कटारे बड़े भाई जैसे थे और उन्होंने हमेशा मुक्षसे छोटे भाई की तरह से स्नेह प्रेम रखा,वह एक शेर दिल इंसान थे,इस बात में कोई शंका नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री कटारे जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, भागीरथ सिंह कुशवाहा, सुनील शर्मा,इसाक खान,मनोज जैन आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित की।



## अखिल भारतीय सफाई कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के तहसील अध्यक्ष बने अमन करोसिया

**सफाई कर्मचारी के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करूंगा मैं उनके हर संघर्ष में साथ खड़ा रहूंगा: अमन करौसिया**



पोरसा । अखिल भारतीय सफाई कल्याणी संघ ट्रेड यूनियन का तहसील अध्यक्ष अमन करौसिया को उनके कार्य को देखते हुए ,संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए को बनाया गया है इस मौके पर अमन को उनके शुभचिंतकों के द्वारा उन्हें बधाई व उनका पुष्प माल्यार्पण कर स्वागत किया गया वैसे मौके पर उन्होंने कहा कि मैं सफाई कर्मचारी कल्याण संघ का ट्रेड यूनियन का तहसील अध्यक्ष पर अपने वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त करता हूंऔर मैं तहसील स्तर से लेकर राज्य स्तर तक कर्मचारियों के हित में,संघर्ष में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा इस मौके पर उनके कई शुभचिंतकों व कर्मचारी गणों ने बधाई प्रेषित की व हर्ष में मिष्ठान वितरण भी किया।

## पर्यावरण संरक्षण का बच्चों ने लिया संकल्प

**पटाखों की जगह जलायें स्वदेशी दीप, बच्चों ने आतिशवाजी न करने की ली शपथ**

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**
(ललितपुर) करुणा इंटरनेशनल एवं दयोदय अहिंसा अभियान,सर्वोदय अहिंसा अभियान द्वारा चलाये जा रहे दीपावली के पर्व पर पटाखों से हो रहे ध्वनि,वायु व पर्यावरण प्रदूषण को लेकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।पटाखों से हो रहे दुष्परिणाम पर आधारित पोस्टर प्रकाशित करके जन-जागरूकता भी फैलायी जा रही है।इस अभियान से प्रेरित होकर बच्चों ने कहा कि दीपावली के पर्व पर दीपोत्सव करके खुशियों के पर्व को हर्ष व उत्साह से मनायेंगे। इस अभियान से प्रेरणा पाकर बच्चों के मन की भावनाएं बदल रही हैं और बच्चे संकल्प ले रहे हैं कि वह दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगें और दूसरे बच्चों को भी प्रेरित करेगें।बताते चलें नगर के स्याद्वाद बाल संस्कार केंद्र सिविल लाइन में बच्चों को संबोधित करते हुए करुणा इंटरनेशनल केंद्र ललितपुर के अध्यक्ष अक्षय अलया ने कहा कि पटाखों में जहरीली गैस होने के कारण शीशा और पारा होने की वजह से वह वायु प्रदूषण को भी दूषित कर देते हैं।आतिशबाजी का प्रयोग करने से अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।उन्होंने बताया कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करके जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दीपावली के पर्व पर पटाखों से हो रहे दुष्परिणाम को बताया गया तो बच्चों ने कहा कि हम दीपावली के पर्व पर दीपोत्सव करके खुशियाँ मनायेंगे और स्वदेशी मिट्टी से निर्मित दीपक जलाकर घरों को दीपक की रोशनी से जगमगाऐंगे मूक पक्षियों की हिंसा से भी बचेंगे। प्रधानाध्यापक केपी पांडे ने कहा कि दीपोत्सव के पर्व पर पटाखों को भूलकर खुशहाली के साथ दीप जलाएं और एक दीप शहीदों के नाम जरूर जलायें।दीप जलाकर खुशियां मनायें। विद्यालय के प्रधानाचार्य केपी पांडे, सीमा जैन ने बच्चों को आतिशवाजी न करने की शपथ दिलाई।



## खरगोन पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन पर की कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अति.पुलिस अधीक्षक श्री मनोहरसिंह बारीया के मार्गदर्शन मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे चौकी अहिरखेड़ा पर पुलिस टीम ने द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर कार्यवाही की गई है ।
घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 23.10.24 को चौकी अहिरखेड़ा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक सफेद रंग की बोलेरो जिसका नंबर स्क्क09स्न4844 है जिसमे भारी मात्रा मे अवैध शराब भारी हुई है जो थोड़ी देर के बाद कालबरड फाटा डोंगरगांव से होकर गुजरने वाली है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चौकी अहिरखेड़ा से पुलिस टीम को तत्काल कालबरड फाटा डोंगरगांव के लिए रवाना किया गया व नाकाबंदी की गई । थोड़ी देर इंतजार करने के बाद मुखबिर के बताए अनुसार सफेद रंग की बोलेरो आती दिखाई दी जिसको पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया परंतु उसने गाड़ी तेजी से बड़ाई जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया । पुलिस टीम को पीछे आता देख अंधेरे व झाड़ियों का फाइदा उठा कर भाग गया । पुलिस टीम ने गाड़ी को चेक किया जिसमे कुल 33 नग पेटी शराब जिसमे कुल 295 लीटर किमती 1,90,000/- रुपये व एक सफेद रंग की बोलेरो क्रं. स्क्क09स्न4844 किमती 8 लाख रुपये कुल मश्रुका 9,90,000 रुपये को विधिवत जप्त किया गया । पुलिस टीम ने बोलेरो चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 439/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । जप्तशुदा मशरुका- 1. कुल 33 नग पेटी शराब जिसमे कुल 295 लीटर किमती 1,90,000/- रुपये, 2. बोलेरो गाड़ी स्क्क09स्न4844 किमती 8,00,000/- लाख रुपये पुलिस टीम- उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री राकेश आड़े के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी गोगावां निरीक्षक श्री दिनेश सोलंकी के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी अहिरखेडा उप निरीक्षक गजेन्द्र सिह चौहान, प्रआर. 423 पंढरी चौहान, आर. 947 सतोष बामनिया, आर. 866 विमल, आर. 746 राजेश का विशेष योगदान रहा

## कलेक्टर ने खनिज के अवैध परिवहन पर की कार्रवाई

**रेत और गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 10 ट्रेक्टर-ट्राली एवं 1 डम्फर जप्त**


**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने खनिज विभाग दल के साथ ग्राम रानीपुरा में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 10 ट्रेक्टर-ट्राली और ग्राम बरही में गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक डम्फर को जप्त कर फूप थाने की अभिरक्षा में रखवाया गया। इस दौरान खनिज विभाग के श्री संजय धाकड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जप्तशुदा वाहनों पर खनिज नियमों के तहत् कार्यवाही की जावेगी। खनिजों के अवैध परिवहन/उत्खनन/भण्डारण पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## लहार कस्बा में कोचिंग के छात्र छात्राओं को लेकर पुलिस मुस्तेद

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । लहार में समस्त कोचिंग सेंटरों पर जा- जा कर थाना लहार पुलिस ने छात्र छात्राओं को जागरूक करने का अभियान चलाया था। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा ने कोचिंग संचालकों से रोड पर गाड़ी ना खड़ी करने कोचिंग आते जाते समय छात्रों छात्र-छात्राओं को रोड पर खड़ा होकर हुजूम नहीं लगाने की हिदायत दी थी । इसी कड़ी में आज सुबह सुबह मार्केट में घूमते सेल्फी प्वाइंट पर बैठे छात्रों की थाना प्रभारी श्री शर्मा ने क्लास ले ली उन्हें समझाइश दी कि कोचिंग समय पर इधर - उधर न टहल कर कोचिंग में ही पढ़े। अभिभावकों से लहार पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि समय समय पर अपने बच्चों के बारे में टीचर से फीडबैक ले एवं बच्चों पर निगरानी रखें।

## अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के कलाइडोस्कोप 2024 संगोष्ठी में ललितपुर का लहराया परचम

**भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित आईटीयू में हुआ आयोजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संगोष्ठी में सतत स्मार्ट गांवों के भविष्य पर दी शोध प्रस्तुति, जनपद के धौर्रा व जाखलौन से पायलट प्राजेक्ट के रूप में शुरू हुई डीएम की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया, अब 10 गांवों तक होगी विस्तारित, सक्षम प्लेटफार्म डिजिग्राम से विलेज इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का प्रयोग कर गांवों को डिजिटल गांव बनाने की तैयारी, ललितपुर। भारत में स्मार्ट गांव जल्द ही वास्तविकता बनने जा रहे हैं, जो देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के जीवन को आसान बनाएंगे। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में**

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे**
ललितपुर जिले के जिलाधिकारी, आईएएस अक्षय त्रिपाठी ने आईटीयू (अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ) के कलाइडोस्कोप 2024 संगोष्ठी के दौरान भारत मंडपम, नई दिल्ली में सतत स्मार्ट गांवों के भविष्य पर शोध प्रस्तुति दी। आईएएस अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र ने ग्रामीण भारत में ।ए, प्वज् और रीयल-टाइम डेटा प्रोसेसिंग के व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए वैश्विक विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया और इसे डिजिटल गांव विकास के लिए एक स्थायी और विस्तार योग्य समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में सरकारी निकायों और भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच सहयोग की सराहना की और इस परियोजना की सफलता को ग्रामीण जनता के जीवन को बेहतर बनाने में अहम बताया। उन्होंने इस योजना से आच्छादित ललितपुर तहसील के दो गावों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल, जो शुरू में ललितपुर तहसील के दो गांवों धौर्रा व जाखलौन में एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू की गई थी, अब 10 गांवों तक विस्तारित की जा रही है और व।त्व्ळ द्वारा स्वीकृत वित्तीय सहायता के साथ 15 और गांवों में इसे लागू करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने भारत मंडपम दिल्ली के मंच से वैश्विक प्रतिनिधियों को ललितपुर जिले में इस परियोजना के जमीनी कार्यान्वयन का निरीक्षण करने के लिए आमंत्रित किया। यह जनपद के लिए गौरव की बात है कि ललितपुर की धरती पर वैश्विक प्रतिनिधि आयेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिग्राम केवल एक प्लेटफार्म नहीं है, बल्कि यह भविष्य के सतत गांवों के लिए एक खाका है और एक बार जब इसे आईटीयू द्वारा एक वैश्विक मानक के रूप में स्वीकार कर लिया जाएगा, तो यह विश्व स्तर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति ला सकता है। ज़िलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, हम एक साथ मिलकर ग्रामीण डिजिटल इकोसिस्टम की नींव रख रहे हैं, जो भारत की वृद्धि के साथ विकसित होगी और एक डिजिटल रूप से समावेशी भारत और विश्व के लिए एक लहर प्रभाव उत्पन्न करेगी। यह डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के वैश्विक ढांचे में भारत के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक होगा। आईटीयू कलाइडोस्कोप 2024 में यह प्रस्तुति डिजिग्राम को ग्रामीण डिजिटल परिवर्तन के लिए एक वैश्विक मानक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शोध को मिली बौद्धिक और वैश्विक पहचान भारत की इस नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है, जो समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रही है। यह शोध दुनिया भर के ग्रामीण समुदायों तक स्थायी डिजिटल समाधानों की पहुंच का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में डिजिग्राम को प्रस्तुत किया गया, जो एक व्यापक ।प् सक्षम प्लेटफार्म है, जो विलेज इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से एक पूरे गांव को डिजिटल गांव में बदलने में सक्षम है। बताया गया कि ग्रामीण समुदायों को सीमित डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी जैसी प्रणालीगत चुनौतियों का सामना करना प?ता है, जो आर्थिक ठहराव और शहरी क्षेत्रों में पलायन के लिए मजबूर करती हैं। डिजिग्राम को सिद्धांतों के आधार पर एक स्थायी समाधान के रूप में डिजाइन किया गया है, जो सार्वजनिक सुरक्षा प्रणाली, ई-संजीवनी के माध्यम से ओपीडी सेवाएं, स्वास्थ्य एटीएम के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण, ऑनलाइन शिक्षा पोर्टलों तक पहुंच और सबसे महत्वपूर्ण रूप से सरकार से नागरिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी जैसी सेवाओं को एकीकृत करता है। इस शोध पत्र का शीर्षक डिजिग्राम-विलेज इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सतत मॉडल गांव था, जिसे वैश्विक नवाचारकर्ताओं, दूरसंचार विशेषज्ञों, आईटीयू और विभिन्न देशों के सरकारी अधिकारियों द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया। इस प्रस्तुति में एक क्रांतिकारी समाधान पर प्रकाश डाला गया, जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड और ऑन-प्रिमाइसेस डेटा स्टोरेज और प्रोसेसिंग जैसी अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग करके ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण चुनौतियों को हल करना है। संगोष्ठी का मुख्य फोकस भविष्य की तकनीकों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी भूमिका पर था।



## संपादक की कलम से

# भारत को भूख और गरीबी पर नये सिरे से विचार करने की जरुरत

हाल ही में जारी वैश्विकभूख सूचकांक 2024 और संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 के मद्देनजर, नरेंद्र मोदी सरकार को देश में भूख और गरीबी के गंभीर स्तर पर अपनी आंखें मूंद कर नहीं बैठना चाहिए और देश में विकास की प्रकृति के बारे में बात किये बिना इसके सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि का शोर मचाते हुए चेतावनियों को नहीं दबाना चाहिए, क्योंकि जिस तरह का विकास हो रहा है उससे असमानता तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक भूख सूचकांक 2024 ने 100 के पैमाने पर केवल 27.3 के स्कोर के साथ भारत को गंभीर भूख स्तर की श्रेणी में रखा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 ने कहा कि भारत में दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा गरीब रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक गरीबी सूचकांक 2024 के अनुसार, भारत में 234 मिलियन लोग गरीबी में जी रहे हैं। ये सभी अनुमान भारत में 2011-12 में की गई गरीबी की गणना के अलावा कुछ अन्य आंकड़ों पर आधारित हैं। नवीनतम वास्तविक स्थिति जानने के लिए, भारत को भूख और गरीबी की गणना नये सिरे से करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की कहानी मुख्य रूप से देश में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करती है, और जमीनी स्तर की असमानता, भूख और गरीबी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देती है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह माना है कि भारत का आधिकारिक जीडीपी आंकड़ा विकास को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है। हाल ही में 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने विकास के बारे में कुछ डेटा जारी किए, जिसकी कई अर्थशास्त्रियों ने बेशर्मी से बढ़ाचढ़ा कर अनुमान लगाने के रूप में आलोचना की। यह भी सर्वविदित है कि आंकड़ों को दबाने के दबाव के कारण-2019 में कुछ शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे सामने आये, जिन्होंने बेरोजगारी के वास्तविक स्तर को लीक कर दिया, जो 45 साल का उच्चतम स्तर था।

2023 में भी कुपोषण और एनीमिया (रक्ताल्पता) से जुड़े एक सर्वेक्षण के निदेशक को देश में इनकी उच्च-स्तरीय घटनाओं को उजागर करने के लिए अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कुपोषण और एनीमिया के आंकड़ों का उपयोग देश में भूख और गरीबी का अनुमान लगाने के लिए कुछ आधारों के रूप में किया जाता है। यह भी याद रखना चाहिए कि कैसे मोदी सरकार ने 2018 के एक सर्वेक्षण को रद्द कर दिया था, जिसके लीक हुए आंकड़ों से गरीबी दर में वृद्धि का स्तर दिखा था। 2012 में अंतिम व्यापक उपभोग-व्यय सर्वेक्षण में 22 प्रतिशत लोगों को गरीबी में रहते हुए दिखाया गया था। अन्य विवरणों में जाने से पहले, कुछ और बातें ध्यान में रखनी चाहिए। भारत ने 1993-94 तक गरीबी के आकलन के लिए यूनिफॉर्म रिसोर्स पीरियड (यूआरपी) का इस्तेमाल किया। यूआरपी के तहत, लोगों से 30-दिन की रिकॉल अवधि में उनके उपभोग व्यय के बारे में पूछा जाता था। फिर 1999-2000 के बाद से मिश्रित संदर्भ अवधि (एमआरपी) को अपनाया गया, जिसमें पिछले वर्ष में उपभोग की गई पांच कम आवृत्ति वाली वस्तुओं (कपड़े, जूते, टिकाऊ सामान, शिक्षा और संस्थागत स्वास्थ्य व्यय) के बारे में पूछा गया और 30-दिन की स्मरण अवधि में अन्य चीजों के उपभोग के बारे में भी पूछा गया। 2011-12 में गरीबी के आकलन में एमआरपी का इस्तेमाल किया गया। हालांति, अब हमारे पास संशोधित मिश्रित संदर्भ अवधि (एमएमआरपी) है जिसका उपयोग भविष्य के सर्वेक्षणों में किया जायेगा, जो अभी सरकार द्वारा किये जाने हैं। वास्तविक समय के ताजा आंकड़ों के अभाव में, भारत में भूख और गरीबी से संबंधित सभी अनुमान क्रॉस सेक्टोरल डेटा पर आधारित अनुमान हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 ने भारत को दुनिया के 127 देशों में से 105वां स्थान दिया है। भारत का जीएचआई स्कोर 27.3 इन मूल्यों पर आधारित है - 13.7 प्रतिशत आबादी कुपोषित है, पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित (स्टन्टेड) हैं, पांच वर्ष से कम आयु के 18.7 प्रतिशत बच्चे कमजोर (वेस्टेड) हैं और 2.9 प्रतिशत बच्चे अपने पांचवें जन्मदिन से पहले ही मर जाते हैं। कुछ ही दिन पहले विश्व बैंक ने भी गरीबी का अनुमान जारी किया है। इसके अनुसार 2024 में भारत में अत्यंत गरीब लोगों की संख्या 129 मिलियन थी, जो प्रतिदिन 2.15 डॉलर (लगभग 181 रुपये) से कम पर जीवनयापन कर रहे थे। हालांकि, प्रतिदिन 6.85 डॉलर (लगभग 576 रुपये) के उच्च गरीबी मानक के साथ 2024 में 1990 की तुलना में अधिक भारतीय गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं, जो मुख्य रूप से 'जनसंख्या वृद्धि' के कारण है।

यहां दो और बातों को ध्यान में रखना चाहिए - पूर्ण गरीबी और सापेक्ष गरीबी। पूर्ण गरीबी

वह गरीबी है जब किसी व्यक्ति के पास जीवित रहने के लिए भोजन खरीदने के लिए भी कोई आय नहीं होती है। सापेक्ष गरीबी वह गरीबी है जब किसी व्यक्ति के पास किसी खास बाजार की स्थिति में जीवित रहने के लिए आवश्यक चीजें खरीदने के लिए पर्याप्त आय नहीं होती है।

हालांकि, अगर हम पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) पर जाएं, तो भारत के 810 मिलियन से अधिक लोग गरीबी में जी रहे हैं, जिन्हें मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है।

## अट्टहास

नवजात शिशु की हंसी दिल को छूती,
बच्चों की हंसी की नहीं बोलती तूती,
कहां गए वो दिन जहाँ हंसी ठिठोली,
दिखते कहां अब वो हमजोली,
शाम को मिलकर खेल खेलना,
हंसी भरी बातें ही बोलना ,
नहीं करते अब लोग परिहास,
न जाने कहां लुप्त हुआ अट्टहास।

पुस्तक के बोझ तले दबा बचपन,
किताबी ज्ञान दिखाता हर घडी स्वप्न,
प्रतियोगिताओं का डर अब खूब सताता,
माता-पिता गुरु उम्मीद जताता,
पढ़ -लिखकर नौकरी का होता यत्न,
जाकर बाहर भूल जाता वतन,
बन जाती दूरी और रिश्तों में खटास,
न जाने कहां लुप्त हुआ अट्टहास।
लक्ष्य बनता धन कमाना,
भौतिक संपदा खूब बनाना,
आनंद की अनुभूति फिर न होती,
संबंधों की भावनाएं फिर भी सोती,
मुख से होती हंसी गायब,
संघर्ष का बनकर रह जाता नायक
नीरस जीवन से भरी हर श्वाश,
न जाने कहां लुप्त हुआ अट्टहास।
मुख पर लपेटे फिरते द्वेष,
झूठी हंसी प्रदर्शित करते देख,
एक चाहना खत्म दूसरी शुरू,
कहता खुद को गुरुओं का गुरु,
खुद ही समस्याएं करता खड़ी,
ऊंची चट्टानों की तरह होती बड़ी,
जीवन के अंतिम पड़ाव में अहसास,
न जाने कहां लुप्त हुआ अट्टहास।



- डॉ.विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# अब चांदी ही चांदी, मगर किसकी ?

@ राकेश अचल
*****






आज कोई पोलटिकल या कम्युनल बात नहीं होगी क्योंकि आज का मुद्दा तेजी से उछल रही चांदी है चांदी को रजत भी कहा जाता है। रजतपट का नाम तो आपने सुना ही होगा। चांदी इतनी तेजी से उछल रही है कि देखने वाले भौंचक हैं इतना तेज तो हमारे एथलीट भी नहीं उछल पाते चांदी न खाने के काम आती है न आईस्क्रीम बनाने के काम लेकिन चांदी के भाव आसमान छूकर आसमान से भी ऊपर किसी तीसरे -चौथे ग्रह से आगे निकल गए हैं। चांदी आम आदमी की धातु है। आम आदमी से मतलब गरीब-गुरवों की धातु। आदिवासियों की धातु। दवाओं और मिठाइयों को सजाने के लिए वर्क बनाने के काम आने वाली धातु, लेकिन अब इस चांदी को भी बाजार की नजर लग गयी है। चांदी हो या सोना या पीतल हमारे यहां धनतेरस पर खरीदा जाता है। परम्परा है। ज्योतिषी ऐसे योग बता देते हैं कि हैसियत हो या न हो बिना खरीदारी के मन नहीं मानता। अब धनतेरस और दीपावली से पहले जहां सोने की चमक बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी कीमती धातु चांदी भी लगातार उछल रही है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने नया मुकाम छू लिया, जी हां, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी 'मैक्स' पर एक किलो चांदी का भाव 1,00,000 रुपये के स्तर को छू गया।

चांदी के बढ़ते दाम ही देश की तरक्की का सबसे बड़ा प्रमाण हैं तो हमारा देश बिला शक तरक्की कर रहा है। इतनी तरक्की देश ने पहले कभी नहीं की। अब नहीं की तो नहीं की। हमें हकीकत को तस्लीम करना ही चाहिए। हम कोई विपक्ष तो हैं नहीं जो इस तरक्की को खारिज कर दें ! हमें हकीकत का समाना करना आता है। हमें पता है कि हमारी हैसियत अपने परिवार की महिलाओं के लिए सोने के आभूषण खरीदने की भी नहीं है लेकिन अब हम शायद चांदी के आभूषण भी खरीदने लायक नहीं रहे। ये बात और है कि आजकल मोटे-ताजे अखबारों में चांदी के आभूषणों का कोई विज्ञापन नहीं छपता। केवल स्वर्ण और हीरे के आभूषणों के विज्ञापन आते हैं।

छात्र जीवन में हमने एक बार चांदी पर निबंध लिखा था। उस निबंध की कुछ पंक्तियाँ हमें आज भी याद हैं। जैसे कि - चांदी सफेद चमकदार धातु है। चांदी ऊष्मा व विद्युत की सबसे अच्छी सुचालक है। चांदी का परमाणु भार 107.88, विशिष्ट घनत्व 10.55 से 9.87 तक, विशिष्ट ऊष्मा लगभग 0.56 तथा रेखीय प्रसारगुणक 1त से 100त सें. के बीच 0.0000194 है। दुनिया का तो पता नहीं किन्तु हमारे देश में चांदी का उपयोग सिक्के व आभूषण बर्तन बनाने के अलावा, फोटोग्राफी में काम आने वाले सिल्वर ब्रोमाइड बनाने में किया जाता है। चांदी के द्वारा अमलगम बना कर इससे दर्पण बनाये जाते हैं व दाँतों में भरने के काम आता है। चांदी से बनी मिश्रधातुयें अत्यधिक उपयोगी होती हैं। आयुर्वेद वाले स्वर्ण भस्म की तरह चांदी की रजत भस्म बनाकर रोगियों कि तमाम रोग भस्म करने का दावा करते है। लेकिन अब चांदी इतनी महंगी हो गयी है की आप न इसे दांत में भर सकते हैं और न शहद लगाकर चाट सकते हैं। मिठाइयों पार इसके वर्क लगाने का तो ख्वाब भी मत देखिये। चांदी के अक्षरों से कोई इतिहास भी तो नहीं लिखा जाता। एक लाख प्रति किलो तक आ पहुंची चांदी हमारे जीवन में ही नहीं बल्कि हमारे साहित्य और कहावतों में भी ससम्मान मौजूद है। हम अक्सर कहते हैं कि - फलां साहब की तो चांदी ही चांदी है। या फलां साहब तो मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है। ये साहब या फिर फलां साहब तो आजकल चांदी काट रहे है। कभी किसी ने नहीं कहा की फलां साहब का तो सोना ही सोना है या फलां साहब आजकल सोना काट रहे हैं। ये चांदी का वैभव है कि वो लोक जीवन में सोने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। समाज में चांदी की 'सिल्ली' रखी जाती है लेकिन सोना बिस्किट से ज्यादा बड़ा नहीं हो पाया। भले ही किलो कि दाम सोने कि चांदी से ज्यादा हों, लेकिन किलो कि हिसाब से लोग सोना नहीं चांदी खरीदते है। चांदी आखिर सुरक्षित निवेश का भी तो माध्यम है। भारत हालांकि कृषि प्रधान देश है लेकिन यहां चांदी की खपत बहुत ज्यादा है। भारत अपनी जरूरत की चांदी पैदा नहीं कर पाता तो उसे विदेशों से चांदी मंगाना पड़ती है। आखिर जनता का ख्याल तो रखना ही पड़ता है ! भारत में इसका बहुत कम उत्पादन होता है। भारत अक्सर बेल्जियम, ब्रिटेन, इटली, पश्चिमी जर्मनी आदि देशों से चांदी का आयात करता हैं। भारत में चांदी - राजस्थान में जावर माइन्स, कर्नाटक में चित्रदुर्ग तथा बेलारी ज़िले, आन्ध्र प्रदेश में कडपा, गुंटूर तथा कुरनूल ज़िले, झारखण्ड में संथाल परगना तथा उत्तराखण्ड में अल्मोड़ा में मिल जाती है। पहले इसका उत्खनन तमिलनाडु के अन्नतपुर में भी किया जाता था जो अब समाप्त हो गया है। पुराने आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 1999-2000 के दौरान देश में कुल 53641 किग्रा. चांदी का उत्पादन हुआ था।

चांदी भी छूई-मुई है। विशेषज्ञ बताते हैं कि चांदी में ये उछाल मध्य पूर्व में बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव और आगामी अमेरिकी चुनावों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण देखने को मिल रहा है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टरअजय केडिया का अनुमान है कि मार्च 2025 तक चांदी का भाव 1.3 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुँच सकता है। यानि चांदी को महंगा करने में हमारे देश की गठबंधन या बैशाखनंदन सरकार का कोई हाथ नहीं है। कोई भूमिका नहीं है, इसलिए उसे इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। वैसे भी हमारी सरकार कोई जिम्मेदारी अपने ऊपर कभी लेती नहीं। उसे राम पर भरोसा है और जनता को भी।

हमारी सरकार देश की जनता के, लिए कोई दूसरी जरूरी चीज का आयात करे या न करे लेकिन चांदी का आयात जरूर करती है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भारत ने जनवरी से अप्रैल के दौरान रिकॉर्ड 4,172 मीट्रिक टन चांदी का आयात किया, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि आयात से 455 टन से अधिक है। ये हमारी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि जरूर है। पिछले बजट में ही हमारी सरकार ने इसीलिए चांदी कि आयात पर शुल्क बढ़ा दिया। यानी आम कि आम और गुठलियों कि दाम जैसी है चांदी। हम सनातनी हिन्दू मुसलमानों की दुकानों से खाने-पीने की चीजें खरीदें या न खरीदें लेकिन चांदी जरूर खरीद लेते है। आप ये जानकर हैरान होंगे कि भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता ) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो चुका है। जबकि ये इस्लामिक देश है।

चांदी सोने कि मुकाबले में झाँकने में भी आगे है और उछलने में भी। सोने कि कंगन ही खनकते हैं। वे उछल नहीं सकते,लेकिनचांदी जेवर ही नहीं बल्कि खुद चांदी सोने कि मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा उछल सकती है। उछल रही है। सोना 20 फीसदी उछला तो चांदी 30 फीसदी उछल गयी।

आप यदि न चौंके तो आपको बता दू कि भारत में भले ही 85 करोड़ लोग सरकार कि पांच किलो अनाज पर आने वाले 2028 तक निर्भर रहेंगे लेकिन चांदी को लेकर भारत की दरियादिली कम होने का नाम नहीं लेती। आप मेरी मानें या न मानें किन्तु जीटीआरआई की रिपोर्ट को तो सच मान लीजिये। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है. सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। अब ये आपके ऊपर है की आप आने वाले दिनों में अपनी बचत बैंकों में जमा करें या उसे चांदी में निवेशित करें। आप चांदी के जूते भी बनवा कर रख सकते है। वक्त जरूरत काम आ सकते है। भूलिए मत कि-चंदू के चाचा ने, चंदू की चाची को, चांदनी रात में, चांदी के चम्मच से चटनी चटाई थी।

# बहराइच का दंगा : यह 'हिंदू राज' नहीं तो और क्या है ?

- राजेंद्र शर्मा

यहां से आगे दंगा भड़क उठा। इसके बाद, मुस्लिमविरोधी हिंसा का जो सिलसिला शुरू हुआ, अगली सुबह तक उसने बहुत ही भयंकर रूप ले लिया। महाराजगंज बाइपास बाजार में लाठियों, डंडों तथा अन्य हथियारों से लैस हजारों लोगों की भीड़ ने, पुलिस को मूक दर्शक बनाते हुए, जमकर मुसलमानों के घरों, दूकानों तथा अन्य प्रतिष्ठद्दनों पर आगजनी तथा तोड़फोड़ की, जो सामने पड़ा उसके साथ मार-पीट की और बताया जाता है कि महिलाओं के साथ बदसलूकी भी की।

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले में महसी तहसील के तहत, हरदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत, दुर्गा पूजा की मूर्तियों के विसर्जन के जुलूस में हुई हिंसा और उसके बाद के घटनाक्रम के संकेतों को ठीक इसीलिए रेखांकित किया जाना जरूरी है कि इसमें अब कुछ ऐसा नहीं रह गया है, जो वाकई हैरान करता हो। मूर्ति विसर्जन के जुलूस के नाम पर, जिस तरह अपने हिंदू होने का दिखावा करने वालों ने अपने भड़काने वाले आचरण से हिंसा भड़कायी; जिस तरह कथित मुस्लिम पक्ष की ओर से इस उकसावे का हिंसक जवाब दिया गया; इसके बाद जिस तरह पहले कथित रूप से हिंदू भीड़ों ने आम तौर पर प्रशासन-पुलिस की शह पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के घरों, दूकानों, प्रतिष्ठद्दनों आदि पर कहर बरपा किया; और अंत में खुद शासन-प्रशासन ने आगे बढ़कर यह जिम्मा संभाल लिया; यह सब अब कम से कम भाजपा-शासित राज्यों में तो इतना जाना-पहचाना हो चुका है कि यह सब न हो तो ही हैरानी होगी। मसलन कोई महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार, जिसमें किसी भी प्रकार के जुलूस की गुंजाइश हो, अगर भाजपा की डबल-इंजनिया सरकारों के दायरे से और खासतौर पर ड्डषहदी पट्टी में ऐसी सभी सरकारों के दायरे से होकर शांति से गुजर जाए, तो ही हैरानी की बात होगी। फिर भी बहराइच में जो कुछ हुआ, उसमें भाजपायी राज में सामने आये इस फिनॉमिना के और आगे बढ़ने के कुछ तत्वों की निशानदेही करना निरर्थक नहीं होगा। बेशक, इसमें कुछ भी नया नहीं था कि जिद कर के मूर्ति विसर्जन का जुलूस मुस्लिम बहुल इलाके से ले जाया गया। जुलूस में, मुख्यमंत्री योगी के स्पष्टद आदेशों के बावजूद कि किसी जुलूस आदि में डीजे नहीं बजाया जाएगा, न सिर्फ डीजे बजाया गया बल्कि उस पर सांप्रदायिक रूप से भड़काने वाले गाने बजाए गए। और जैसे इस उकसावे को हिंसा के बिंदु तक बढ़ाने की नीयत से ही, ऐन मस्जिद के सामने रुक कर, हमलावर अंदाज में और भी भड़काने वाले गीतों के साथ, न सिर्फ डीजे बजाया गया बल्कि मस्जिद पर भीड़ से, अपमानित करने की ही नीयत से तरह-तरह की चीजें उछाली भी गयीं। यह दूसरी बात है कि मस्जिद का ऊपर का हिस्सा कपड़े से ढका हुआ होने के चलते, जो सावधानी अब भाजपा-शासित राज्यों में खुद पुलिस ने सुनिश्चित करानी शुरू कर दी है, मस्जिद को कम से कम दिखाई देने वाला कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बहरहाल, बहराइच के मामले में यह किस्सा इतने पर ही खत्म नहीं हो गया। इस सब के बाद, जोकि जाहिर है कि पुलिस की काफी संख्या में मौजूदगी के बीच हो रहा था, जुलूस में शामिल उग्र तत्वों के हौसले और बढ़ गए। बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के अनुसार, इस भीड़ के बीच से एक युवक, जिसका नाम बाद में पता चला कि राम गोपाल मिश्र था, हाथ में भगवा झंडा लेकर एक घर की छत पर चढ़ गया, जहां पर हरे रंग का एक झंडा लगा हुआ था, जो यह घर किसी मुसलमान का होने का इशारा करता था। पहले उसने घर की छत पर लगी रेलिंग पर भगवा झंडा लगाने की कोशिश की। लेकिन, बाद में संभवतः नीचे से भीड़ के उकसावे पर उसका ध्यान हरे झंडे ने खींच लिया और वह इस इस्लामी झंडे को खींचकर गिराने में लग गया, जिस क्रम में घर की छत पर लगी लोहे की रेलिंग भी गिर गयी। बाद में, जो कि जाहिर है कि ये सब वीडियो में दर्ज नहीं हुआ या दर्ज नहीं किया गया था, उसी छत पर मिश्र को गोली मार दी गयी, जिससे बहुत ज्यादा खून बहने से उसकी मौत भी हो गयी। मरने वाला गरीब परिवार से और सिर्फ 22 वर्ष का था। कुछ ही महीने पहले उसका विवाह हुआ था। जैसा कि होना ही था, यहां से आगे दंगा भड़क उठा। इसके बाद, मुस्लिमविरोधी हिंसा का जो सिलसिला शुरू हुआ, अगली सुबह तक उसने बहुत ही भयंकर रूप ले लिया। महाराजगंज बाइपास बाजार में लाठियों, डंडों तथा अन्य हथियारों से लैस हजारों लोगों की भीड़ ने, पुलिस को मूक दर्शक बनाते हुए, जमकर मुसलमानों के घरों, दूकानों तथा अन्य प्रतिष्ठद्दानों पर आगजनी तथा तोड़फोड़ की, जो सामने पड़ा उसके साथ मार-पीट की और बताया जाता है कि महिलाओं के साथ बदसलूकी भी की।

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

-ललित गर्ग-

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे।



लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था।

मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं।

क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहूलियतभरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसके लिये सन्देह एवं शंकाओं के घेरों को तोड़ना होगा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**24 अक्टूबर को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम खोखरी में जनसमस्या निवारण शिविर का होगा आयोजन, हाई स्कूल मैदान में 5 नवंबर को होगा एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन, तैयारी के संबंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश, उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अंतर्गत मासिक टेस्ट में टॉप करने वाले 30 बच्चे करेंगे रायपुर के साइंस सेंटर का भ्रमण, संवाद 24म7 चैट बोट में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश**

जांजगीर-चांपा 21 अक्टूबर 2024/ कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य मंत्री जनदर्शन, समय सीमा के प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन और जनशिकायत, चैट बोट संवाद 24म7 के प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर व चैट बोट संवाद 24म7 में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को हाई स्कूल मैदान में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने संबंधित सभी विभागों को आवश्यक तैयारी एवं सौपे दायित्व का कर्तव्यपूर्वक निर्वाहन करने कहा। उन्होंने आवागमन, स्टॉल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग एवं विद्युत व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को शासन के योजनाओं कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आकर्षक प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा के तहत मासिक टेस्ट में 10वीं एवं 12वीं के टॉप करने वाले 15-15 बच्चों को रायपुर साइंस सेंटर भ्रमण कराने हेतु आवश्यक तैयारी करने कहा। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति पर भर्ती कार्यवाही एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों



पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की रिक्त पदों की जानकारी ली एवं रिक्त पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की कार्यवाही करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। उन्होंने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप आय-जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाने के निर्दश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ, जनपद सीईओ एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को ई-केवाईसी, श्रम कार्ड का पंजीयन, राशन का नवीकरण में प्रगति लाने कहा। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि 24 अक्टूबर को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खोखरी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी करने कहा। उन्होंने शिविर में सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, नक्शा सुधार, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के कार्य सहित नागरिकों के अन्य मांग, समस्याएं व शिकायतो को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम जन आरोग्य योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा, महतारी वंदन योजना, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 22 को करेंगी जनसुनवाई

मथुरा।राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबिता चौहान



22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जनपद में एक जनसुनवाई करेंगी । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में अध्यक्षा के द्वारा मिशन महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर महिलाओं से सीधे बात कर कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं का संचालन करने वाले जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थित में सीधे संवाद के माध्यम से अध्यक्षा पीड़ति महिलाओं/ बालिकाओं से रूबरू होंगी। उन्होंने कहा है कि यदि कोई महिला या बालिका को अध्यक्षा के समक्ष उपस्थित होकर अपनी शिकायत / सुझाव / संवाद करना है तो 22 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस, सिविल लाइन्स, मथुरा के सभागार में उपस्थित हो सकती है।

## तहसील स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न



मथुरा। मथुरा जनपद के छाता तहसील के अंतर्गत गांव पैगाँव में श्री नागाजी महाराज युवा मण्डल के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दिनाँक 13/10/2024 को किया गया था जिसका परिणाम व सम्मान समारोह हुआ था जिसमें प्रथम स्थान अभय यादव पुत्र भरती सिंह निवासी.जटवारी व द्वितीय स्थान सक्षम पुत्र संतोष शर्मा निवासी. पैगांव तथा भरत शर्मा पुत्र मनोज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने गाँव व अपने घर वालों का नाम रोशन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश तंवर ने बताया कि ऐसे कार्य वर्ष में होते रहने चाहिए । कार्यक्रम के अध्यक्ष देव रावत ने बताया कि यह हमारी तृतीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता थी जिसमें लगभग 14 से 15 गांव के क़रीब 600 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें से 33 बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यदुवीर रावत, महेन्द्रसिंह कबड्डी कोच,मेघश्याम, चंद्रपाल शर्मा, दीपक रावत,चौधरी सुजाता सिंह, राधिका, विनोद, लक्ष्मीनारायण शर्मा प्रबंधक , गौरव चौधरी, सुखवीर, हरफूल रावत आदि लोग मौजूद रहे ।

## वाणिज्यिक कर विभाग परामर्शदात्री समिति के सदस्य बनाये गएः विपिन जैन

मंदसौर (निप्र) संसदीय कार्य विभाग द्वारा शासन के विभिन्न विभागों के लिए परामर्शदात्री समितियां



का गठन वर्ष 2024-26 के लिए किया गया है जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विपिन जैन को वाणिज्य कर विभाग परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव द्वारा अनुमोदित उक्त समिति में 6 सदस्य हैं समिति के प्रमुख प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व वित्त व वाणिज्य कर मंत्री श्री जगदीश जी देवड़ा है वहीं सदस्य के रूप में नामांकित किए जाने पर विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री और वित्त, वाणिज्य कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा को धन्यवाद ज्ञापित किया है !

# शराब की अवैध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

**संगठित अपराध पर हो कड़ाई से कार्रवाई, आबकारी विभाग को 16 हजार करोड़ रूपये का राजस्व लक्ष्य, व्यावसायियों के लिये हुई कार्यशाला**

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश में शराब की अवैध बिक्री सख्ती से रोक लगाई जाए साथ संगठित अपराध पर कड़ी कारवाई की जानी चाहिए। श्री देवड़ा ने सोमवार को भोपाल स्थित पर्यावरण अध्ययन संस्थान (इप्को) में आयोजित नवीन आबकारी नीति/आबकारी व्यवस्था वर्ष 2025-26 के निर्धारण के संबंध में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के लायसेंसियों की कार्यशाला में कही। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आसवक एवं देशी/विदेशी मदिरा विनिर्माताओं एवं बार-लायसेंसियों के साथ भी बैठक की। श्री देवड़ा ने वाणिज्यक कर विभाग की उपलब्धियों को लेकर भी चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनका कर्तव्य है कि अधिकारी अपने मुख्यालय पर रहकर अवैध कार्यो के प्रति सजग रहें। उन्होने कहा कि किसी भी परिस्थिति में मदिरा का अवैध परिवहन ना हो तथा संगठित अपराधियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेश में शराब के अवैध कारोबार पर पैनी नजर रखी जाएगी और जहां भी अवैध कारोबार या कालाबाजारी की सूचना मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को राजस्व देने में वाणिज्यकर विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग का राजस्व लक्ष्य 16 हजार करोड़ रूपये है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समन्वित प्रयास से यह लक्ष्य भी हम प्राप्त कर लेगें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा निरंन्तर नए-नए नवाचार किये जा रहें हैं। विभिन्न राज्यों की आबकारी नीति का अध्ययन



किया जा रहा है। उनकी अच्छाईयों को प्रदेश की आबकारी नीति में संम्मिलित किया जाएगा। उन्होने कहा कि नीति तभी ठीक होगी जब अनुभवी लोगो से बात की जायेगी। कार्यशाला में प्रदेश के मदिरा व्यावसायियों एंव ठेकेदारों द्वारा उप मुख्यमंत्री को अपनी समस्या से भी अवगत कराया गया। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि अगर समस्या है तो उसका समाधान भी सरकार करेगी। कठिनाईयों को दूर किया जायेगा। सरकार बहुत सजग है। उन्होनें विभागीय अधिकारियों का निर्देश दिये कि प्रदेश के शराब व्यावसायियों की समस्या को हल करने का प्रयास करे। श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश के राजस्व प्राप्ति में आबकारी विभाग का अहम भागीदारी रहती है। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आबकारी विभाग के द्वारा ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से लायसेंसियों को अनेक सुविधाऐं प्रदान की गई हैं, जिससे अधिक पारदर्शिता के साथ कार्य संम्पादित किये जा रहें हैं तथा राजस्व में निरंन्तर वृद्धि हो रही है। लायसेंसी भी नियमानुसार अपनी दुकान एवं बार का संचालन करें, विभाग द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर लायसेंसियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जावेगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा है कि आप सभी जनप्रतिनिधियों/मंत्रियों/विधायकों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें एवं निराकरण के बाद संबंधित को अवगत भी कराया जाए। आबकारी अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन कर आबकारी अपराधों पर रोक लगाना हम सभी का दायित्व है। सभी के समन्वित प्रयास से वर्ष 2025-26 के लिए संतुलित आबकारी नीति बनाना ही विभाग का लक्ष्य है। आशा करता हूं कि हम इसमें पूरी तरह सफल होगें। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्री अमित राठौर ने कहा कि प्रदेश के राजस्व में मदिरा व्यावसायियों का बड़ा योगदान रहता है। उन्होने अपेक्षा कि जनता के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। आबकारी आयुक्त श्री अभिजीत अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं मदिरा व्यावसायियों/लाइसेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# सड़क मरम्मत के कामों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द करें पूरा कलेक्टर

**मनरेगा में बेहतर काम करने पर अधिकारियों को किया सम्मानित, टीएल बैठक में की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा**

बिलासपुर। कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा में सामाजिक अंकेक्षण में बेहतर काम करने पर सभी एसडीएम को सम्मानित किया। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अधिकारी-कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सड़क मरम्मत के कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी, शिव कुमार बनर्जी सहित अन्य विभागीय



अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि बारिश खत्म हो चुकी है अब सड़क मरम्मत का काम तेजी से करते हुए इन्हें जल्द पूरा करें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी विस्तार से कार्ययोजना बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। आयुष्मान कार्ड बनाने में ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए भी जिम्मेदारी तय करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने लंबित एक-एक प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सीएम जनदर्शन से प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी प्राथमिकता से करने कहा। कलेक्टर ने कहा की लखपति दीदियों द्वारा कई प्रकार की सामग्रियों का उत्पादन किया जा रहा है। सभी अधिकारी अपने कार्यालयों, स्कूल एवं हॉस्टलों में उपयोग के लिए जरूरत की चीजे इन्हीं दीदियों से खरीदना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं उनके समाधान की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने पशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की अन्य योजनाओं में भी प्रगति की समीक्षा की।

## साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

बिलासपुर । कलेक्टर अवनीश शरण ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की



समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक जनदर्शन में नगर पंचायत मल्हार के वार्ड क्रमांक 12 के वार्ड पार्षद श्री मनमोहन कैवर्त एवं सभी वार्डवासियों ने नईया तालाब से बेजा कब्जा हटवाने एवं पचरी निर्माण करवाने हेतु कलेक्टर से गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि इस तालाब से सभी वार्डवासियों का जीवनयापन होता है। कलेक्टर ने सीएमओ को मामले को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। लिंक रोड मित्र विहार कॉलोनी निवासियों ने नालियों के नियमित रूप से सफाई नहीं होने पर कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई के अभाव में नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बड़ रहा है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोटा ब्लॉक के ग्राम गिरधौरी निवासी श्री टीकाराम सूर्यवंशी ने सड़क दुर्घटना से पुत्र की मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड योजना के तहत आर्थिक सहायता हेतु अनुदान प्रदाय कराने कलेक्टर से गुहार लगाई है। कलेक्टर ने एसडीएम बिलासपुर को आवेदन भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सेंदरी के श्री रामू पाल सहित अन्य किसानों ने खेत तक जाने के लिए रास्ता देने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि हम सभी किसानों का खेत सेंदरी स्थित मानसिक अस्पताल के पीछे है। मानसिक अस्पताल द्वारा भवन की बाउंड्रीवाल बनाने से खेत तक जाने के लिए रास्ता नहीं है। ग्राम पंचायत सागर निवासी श्रीमती अन्नपूर्णा पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे।

## डॉ. राधाकांत शर्मा मथुरा आकाशवाणी से देंगे कार्तिक मास की जानकारी

वृन्दावन।ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी)



के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 21 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा।इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर देवेंद्र सारस्वत ने बताया है कि ÷हिन्दू धर्म में कार्तिक मास का महात्म्य÷ विषय पर युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण केंद्र से ÷वनिता लोक÷ कार्यक्रम के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2024 को दोपहर 01=15 बजे किया जाएगा। यह प्रसारण 10 मिनट का होगा। जिसे आप सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

## दिल्ली के पत्रकार राजकुमार पोद्दार हुए वैश्य पोद्दार महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता

नई दिल्ली। प्राप्त समाचार के अनुसार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को सुखीवीर नगर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष



उमाशंकर पोद्दार एवं एडवोकेट अनिल भारती पोद्दार और इंजीनियर मुकेश पोद्दार, नीरज देव ने बवाना दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार पोद्दार को वैश्य पोद्दार महासंघ रजि. के राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता से मनोनित किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर पोद्दार एवं एडवोकेट अनिल भारती पोद्दार और इंजीनियर मुकेश पोद्दार, नीरज देव सभी ने पत्रकार राजकुमार पोद्दार को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।राजकुमार पोद्दार पत्रकार ने भी कहा कि हम संस्था का इस सम्मान के लिए धन्यवाद करते है और अपनी जिम्मेदारी को आगे निर्वहन करेंगे, संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी टीम ने पत्रकार राजकुमार पोद्दार को धन्यवाद दिया।



# निया शर्मा ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

टीवी अभिनेत्री निया शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। निया की ये तस्वीरें थाईलैंड में बिताई गई छुट्टियों की हैं। अपने आकर्षक लुक और बोल्ड फैशन विकल्पों के लिए फेमस निया ने अपने ट्रॉपिकल गेटअवे की झलकियां साझा कीं। उन्होंने अपनी छुट्टियों को काफी एंजॉय किया है। उन्होंने अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फोटो और वीडियो शेयर किए। एक पोस्ट में वह समुद्र किनारे दोस्तों के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। दूसरे पोस्ट में बैकग्राउंड में काफी अंधेरा है, निया कुछ गुनगुनाने का प्रयास कर रही हैं। एक और पोस्ट में वह भोजन का लुत्फ उठा रही हैं। उन्होंने एक सेल्फी भी पोस्ट की है जिसमें वह काफी आकर्षक लग रही हैं। उन्होंने अपनी दोस्त के साथ नाव की सवारी का आनंद लेते हुए वीडियो भी डाला है। एक अन्य पोस्ट में निया समुद्र तट के बिल्कुल साफ पानी में आराम करती दिखाई दे रही हैं। निया शर्मा ने हाल ही में तब सुर्खियां बटोरीं जब ऐसी अफवाह उड़ी कि वह सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में शामिल होंगी।

# फिर विवादों में एकता कपूर

फिल्म निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। इन पर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म 'ऑल्ट बालाजी' की वेब सीरीज 'गंदी बात' में नाबालिगों से जुड़े अश्लील कंटेंट दिखाने का आरोप है। एकता कपूर टीवी इंडस्ट्री की क्वीन मानी जाती हैं। शुरुआत में कुछ नाकामयाबियां झेली लेकिन फिर उड़ान भरी तो एक से बढ़कर एक हिट फैमिली ड्रामा पेश किए। लेकिन फिर समय के साथ कुछ नए के चक्कर में अश्लील कंटेंट दिखने लगा। साधारण किरदार बोल्डनेस की हद पार करते दिखे। यही वजह है कि 2020 में मध्य प्रदेश के इंदौर में इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। तब ऑल्ट बालाजी की एक्स एक्स एक्स वेब सीरीज पर सेना के जवानों को अपमानित करने का आरोप लगा।



एकता कपूर ने बहुत कम उम्र में इंडस्ट्री में कदम रखा था। उन्होंने विज्ञापन और फीचर फिल्म निर्माता कैलाश सुरेंद्रनाथ की सरपरस्ती में इंटर्नशिप की थी। जल्द ही अपने एक्टर पिता जितेंद्र से फाइनेंनशियल मदद ली और बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले निर्माता बन गईं। उनके शुरुआती प्रोजेक्ट असफल रहे, 6 पायलट एपिसोड को अस्वीकार कर दिया गया था। फिर कॉमेडी शो 'हम पांच' ने उन्हें सफलता का स्वाद चखाया। एकता को 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' से न केवल सफलता मिली बल्कि यह दो ऐसे शो थे जिन्होंने हिंदी टेलीविजन की दिशा बदलकर रख दी।

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' बालाजी टेलीफिल्म्स के सुपरहिट शो बन गए और इसने टेलीविजन के माध्यम से एक नई लहर पैदा की। टीवी शो पर मजबूत पकड़ बनाने के बाद एकता ने फिल्म की दुनिया में भी कदम रखा।



# ब्रिटेन में परफॉर्म करेंगे विशाल मिश्रा

फिल्म 'एनिमल' का चार्टबस्टर गीत 'पहले भी मैं' गाने वाले संगीतकार-गायक-गीतकार विशाल मिश्रा अगले महीने ब्रिटेन के लंदन में एक संगीत कार्यक्रम में परफॉर्म करते नजर आएंगे। विशाल ब्रिटेन में पहली बार परफॉर्म करने जा रहे हैं। वह 24 नवंबर को प्रतिष्ठित ओवो एरिना में प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के पोस्टर ने पहले ही दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है जो इस कार्यक्रम को देखने के लिए उत्साहित हैं। प्रदर्शन के बारे में विशाल मिश्रा ने कहा, यह लंदन में मेरा पहला संगीत कार्यक्रम है, और यह मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। मैंने कई शहरों और देशों में प्रदर्शन किया है, मुझे अपने गीतों के लिए बहुत प्यार मिला है, लेकिन लंदन हमेशा मेरी लिस्ट में सबसे ऊपर रहा है।

# भूल भुलैया 3 का रोमांटिक ट्रैक रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का रोमांटिक ट्रैक 'जाना समझो ना' रिलीज हो गया है। भूल भुलैया 3 के रोमांटिक ट्रैक जाना समझो ना को तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी ने गाया है। यह गाना कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। इसे लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस, और आदित्य रिखारी ने कंपोज किया है, और इसके लिरिक्स आदित्य रिखारी ने लिखे हैं। फिल्म भुल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इस फिल्म को अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। भूल भुलैया 3 इस दीवाली यानी 1 नवंबर को रिलीज होगी।

# शानदार लुक में दिखीं काजोल

बॉलीवुड स्टार काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' के प्रमोशन के लिए जयपुर में हैं। यहां वह कढ़ाईदार पैंटसूट में बेहद ही खूबसूरत नजर आईं। काजोल ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की। पहली दो तस्वीरों में अभिनेत्री बिस्तर पर लेटी हुई थीं और उन्होंने आइवरी शेडेड फ्लोरल पैंटसूट पहना हुआ था। उन्होंने पोनीटेल और रेट्रो सनग्लासेस के साथ अपने लुक को पूरा किया। एक और तस्वीर में अभिनेत्री लिली के फूलों को थामे मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। आखिरी तस्वीर में अभिनेत्री होटल के कमरे की खिड़की के सामने पोज देती दिखाई दीं। कैप्शन के लिए उन्होंने लिखा, रूम सर्विस प्लीज। इसे उन्हों ने 'दोपत्ती', 'जयपुरडायरीज' और 'थिंग ऑफ ब्यूटी' जैसे हैशटेग के साथ टेग किया।

इस महीने की शुरुआत में, ₹दो पत्ती₹ के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, काजोल ने बताया कि असली सिंघम कौन है। जब उनसे पूछा गया कि असली सिंघम कौन है, तो काजोल ने मजाकिया अंदाज में खुद की ओर इशारा किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और यहां तक कि कृति सेनन भी इस पर हंसती हुई नजर आईं। कार्यक्रम के दौरान एक पत्रकार ने काजोल से पूछा कि असली सिंघम कौन है, जिस पर 'कुछ-कुछ होता है' की अभिनेत्री ने खुद की ओर इशारा करते हुए मजाक में कहा, ₹मैंने ये बहुत बार कहा है कि असली सिंघम मैं हूं।' कार्यक्रम में काजोल के साथ कृति , शहीर शेख और लेखक-निर्माता कनिका ढिल्लों सहित अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने यह भी शेयर किया कि उन्होंने 'दो पत्ती' में पुलिस वाले की भूमिका निभाते समय अपने अभिनेता पति अजय देवगन से कभी कोई टिप्स नहीं मांगी। 'दिलवाले' की अभिनेत्री अपने करियर में पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। अजय देवगन को रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रैंचाइजी में पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है और वह 'सिंघम अगेन' में डीसीपी बाजीराव सिंघम के रूप में अपनी भूमिका को फिर से निभाएंगे।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए काजोल ने एक बयान में कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मैंने हमेशा ऐसी भूमिकाओं की प्रतीक्षा की है जो मुझे अपने दर्शकों से जुड़ने का मोका दे। यह पहली बार है जब मैं एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हूं। इस बेहतरीन कहानी को जीवंत करना पुरस्कृत करने वाला रहा है।



बहुरंग

# किशोर कुमार की बायोपिक में काम करेंगे आमिर खान



बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खन , महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। आमिर खान इन दिनों 'सितारे जमीन पर' में काम कर रहे हैं। चर्चा है कि निर्देशक अनुराग बसु ने आमिर खान को किशोर कुमार की बायोपिक फिल्म ऑफर की है। इस फिल्म का प्रोडक्शन भूषण कुमार कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि,किशोर कुमार की बायोपिक निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता भूषण कुमार के दिल के काफी करीब है। दोनों इस कहानी को बेहतरीन अंदाज में दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। आमिर खान भी किशोर कुमार के बड़े प्रशंसक हैं और उन्हें अनुराग बसु का विजन बहुत पसंद आया। इससे पहले, ऐसी खबरें आई थीं कि रणबीर कपूर, किशोर कुमार का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

दिलचस्प

# 'गो नोनी गो' में नजर आयेंगी डिंपल कपाड़िया



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'गो नोनी गो' में काम करती नजर आयेंगी। डिंपल कपाड़िया की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी 'सलाम नोनी अप्पा' पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है! सलाम नोनी अप्पा एक कहानी के रूप में शुरू हुई जिसे मैंने पहली बार अठारह साल की उम्र में लिखना शुरू किया था और अपने 40 साल की उम्र में पूरा किया। फिल्म गो नोनी गो का प्रीमियर बुधवार को मुंबई फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, आयशा रजा, मानव कोल और अथिया शेट्टी भी हैं।

# बादशाह ने सिंगल रहने की कसम खाई



जानेमाने रैपर-सिंगर बादशाह ने इंडियन आइडल के मंच पर सिंगल रहने और काम के प्रति समर्पित रहने की कसम खाई है। बहुप्रतीक्षित और बहुचर्चित सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल सीज़न 15' का प्रीमियर 26 अक्टूबर को रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर होगा।एक जोशीला कलाकार, सृजन पोरेल शो में केवल अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ही नहीं आए हैं, वह एक मिशन पर हैं! अपनी आकर्षक उपस्थिति के साथ, सृजन ने पूरे आत्मविश्वास से घोषणा की, रिश्ते इंतज़ार कर सकते हैं, लेकिन मेरा करियर नहीं! सृजन ने फिल्म 'लाइफ इन ए... मेट्रो' के गाने अलविदा पर शानदार प्रस्तुति दी, जिससे जज मंत्रमुग्ध हो गए। उनके दमदार परफ़ॉर्मेंस के पीछे एक भावुक कहानी भी थी, जिसने लोगों को प्रभावित किया। उन्होंने एक पुराने रिश्ते के बारे में बात की जो अपनी मंज़िल तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने मज़ाक में कहा, रिलेशनशिप से ज़्यादा, इंटर्नशिप थी और वजीफा 'धोखा' था। सृजन ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने अपना खुद का एनजीओ-नॉन-गर्लफ्रेंड ऑर्गेनाइज़ेशन लॉन्च करके अपने हार्टब्रेक को प्रेरणा में बदल दिया, और अपने दोस्तों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।इस एनजीओ में एक प्रतिज्ञा ली जाती है, जिसे सृजन ने दोहराते करते हुए कहा, मैं, सृजन पोरेल, ये शपथ लेता हूं कि आज से कोई भी रिलेशनशिप या प्यार व्यार के चक्कर से दूर रहूंगा और अपने साथ मेरे दोस्तों को भी दूर रखूंगा। हमारा सिर्फ काम रहेगा, अपने करियर पर फोकस करूंगा और कुछ नहीं। सृजन की बात सुनकर, बादशाह ने कहा,आमीन और आई एम इन (आमीन और मैं सहमत हूं)।

## पुलिस थाने के पास गड्डा बना दुर्घटनाओं का कारण, प्रशासन की अनदेखी

पत्रकार सतीश परिहार



करैरा। करैरा नगर के पुराने शिवपुरी-झाँसी मार्ग पर पुलिस थाने के निकट जल योजना की पाइपलाइन बिछाने के दौरान स?क खोदने के बाद सही तरीके से भराव न होने के कारण गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है इस स्थान पर बने गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गड्ढे की स्थिति को लेकर कई बार नगर परिषद करैरा और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं इन विभागों की लापरवाही के चलते गड्ढा दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, जिससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस गड्ढे को ठीक किया जाए ताकि आवागमन में सुधार हो सके और अनहोनी से बचा जा सके।

## शिवपुरी जिले के नरवर नगर में प्रशासन है तो कहां है माफियाओं का जैंसे गड़ बन गया है

पत्रकार सतीश परिहार



शासकीय भूमि तो माफियाओं के निशाने पर है ही अब शासकीय कुआ और मंदिर की भूमि मुस्लिम समुदाय की ?ब्र भी इनसे सुरछित नही हैं आखिर लगातार हो रहे अतिक्रमण और अवैध उत्तखनन पर कार्यवाही करने की हिम्मत प्रशासन नही जुटा पा रहा राजस्व क्षेत्र के साथ वन क्षेत्र की भूमि अवैध उत्तखनन हो या अवैध कच्चा पक्का निर्माण माफियाओं के हाथों की कटपुतली बना हुआ है प्रशासन। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है जो नरवर लो?ीमाता मंदिर और करैरा तिराहे के बीच ?ब्रस्तान के सामने स?क किनारे बनी ?ब्र को तो हटा दिया साथ ही पास में मौजूद कई वर्षों पुरानी बावड़ी को अवैध उत्तखनन कर लाई गई मुराम से बंद कर दिया।रात के अंधेरे में अवैध कब्जे पर मोहर लगाई गई दरअसल बाव?ी के पीछे जिस महाशय की भूमि है उसके द्वारा यह अवैध कब्जा करने के लिए सराहनीय कार्य किया गया है। सवाल यह है कार्यवाही कौन करे नगरीय प्रशासन से बात करो तो राजस्व क्षेत्र का हवाला दिया जाता है राजस्व प्रशासन से बात करो तो नगरीय क्षेत्र का हवाला दिया जाता है दोनों ही अपना कर्तब्य निष्ठा से निभाते हुए नजर आते हैं। अब कार्यवाही कैसे संभव है।क्या ईस मामले की जांच होगी दोषियों पर की जायगी कार्यवाही या फिर जिम्मेदार बने रहेंगे तमाशबीन।

## घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने का मामला

### खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तह टीम ने जब्त किये 16 सिलेंडर

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

घरेलू उपयोग के एलपीजी गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा 23 अक्टूबर को खरगोन शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच कर 16 गैस सिलेंडर जब्त किये गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भारत सिंह जमरे ने बताया कि 23 अक्टूबर को खरगोन शहर बस स्टेण्ड, राधा वल्लभ मार्केट, डाक घर चौराहा, आरती टॉकीज क्षेत्र, बिस्टान रोड़ एवं खण्डवा रोड़ पर विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान घरेलू उपयोग के एलपीजी गेस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाये जाने पर गौरी होटल बस स्टेण्ड से 03, आनंद भोजनालय बस स्टेण्ड से 02, मेसर्स रिफ्रेशेशन राधा वल्लभ से 04, होटल ओम शिवम बस स्टेण्ड से 01, सत्यम दाल बाफला बस स्टेण्ड से 01, शिव संघम होटल से 01, सालकराम चाट और पाव भाजी राधा वल्लभ से 02 एवं वंश ढाबा खण्डवा रोड़ से 02 गैस सिलेंडर जब्त किये गए हैं। इस प्रकार कुल 08 प्रतिष्ठानों से 16 गैस सिलेंडर जब्त किये गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने के कारण इन प्रतिष्ठानों एवं होटलों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण अधिनियम एवं अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जांच के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री हेमंत मण्डलोई, श्री रविन्द्र सिंह ठाकुर, श्री योनिस पाल सिंह पटेल एवं श्रीमती प्रीति राठौर उपस्थित थी।

## मध्य प्रदेश शासन के पेंशनरों को केंद्र के समान डी आर दीपावली से पूर्व देने की मांग की है

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

उपरोक्त जानकारी पेंशन कर्मचारी अधिकारी संघ के जिला मंत्री के सी शर्मा ने कहा है मध्य प्ृदेश शासन के पेंशनरों को केंद्र के समान डी आर दीपावली से पूर्व देने की मांग मध्य प्ृदेश अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ पत्राचार एवं चर्चा के माध्यम से केंद्र के समान डी आर दिये जाने की मांग कर शासन से केंद्र के दिनांक से दिये जाने की मांग करता आ रहा है। शासन की अनदेखी से पेंशनरों में रोष व्याप्त है।वृदावस्था में वीमारी में अतिरिक्त व्यय हो रहा है आयुष्मान की पात्रता भी नही है ऊपर से मंहगाई के कारण परिजन भी सहयोग करने में असमर्थ है।हम सभी शासन से यह मांग करते है कि लंवित डी आर के भुगतान केआदेश दीपावली से पूर्व करने का कष्ट करे। उपरोक्त जानकारी प्ेस विज्ञप्ति में जिला मंत्री के सी शर्मा ने प्रेस के माध्यम से बताई।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर तयश्री कर्मवीर शर्मा ने 23 अक्टूबर को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम श्री बीएस कलेश एवं खरगोन के तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन ने शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का एक अच्छा माध्यम होने के साथ ही आम जन की समस्याओं के निराकरण का का अच्छा माध्यम है। सभी अधिकारी यह प्रयास करें कि लोगों की शिकायतों व समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सहूलियत दें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का केवल निराकरण ही नहीं करना है, बल्कि निराकरण संतुष्टिपूर्ण हो इसके लिए कारगर प्रयास करें। इसके लिए जरूरी है कि सभी अधिकारी समस्या के निराकरण होने तक शिकायतकर्ता से सतत सम्पर्क और संवाद बनाए रखें। जिन शिकायतों का निराकरण संभव न हो उन्हें फोर्स क्लोज करने की कार्यवाही करें। सभी अधिकारी प्रयास करें कि वे जिले को 'ए' ग्रेड में लायें। जिन अधिकारियों के कारण जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होगी उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। महाठग रवि तिवारी ने दीपक राठौर को दी नेक्सोंन कर तोहफे में

चर्चित सेलिब्रिटियों को रील बनाकर करता महिमा मंडल, निशुल्क रक्तदान शिविर में चर्चित चीफ गेस्ट को बनाकर लेता भारी डोनेशन

ललितपुर ब्रेकिंग जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर पर लगे पैसे हड़पने के आरोप पीड़ति ने सदर कोतवाली में दिया शिकायती पत्र



पीड़ति ने बताया है कि कुछ दिन पूर्व रक्तदान समिति द्वारा एक कार्यक्रम कराया गया था जिसमें पंकज यादव चिट फंड कंपनी का ठग भी मुख्य अतिथि बनकर आया था वहीं पर्ििनिनर पीड़ति से विवाद हुआ था जिसको लेकर ठग के द्वारा पीड़ति के पैसे वापस कर दिए गए लेकिन आधे पैसे दीपक राठौर ने अपने पास रख लिए है पीड़ति ने कई बार पैसे मांगे लेकिन उसके पैसे नहीं मिल रहे हैं तब जाकर पीड़ति ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है क्या ललितपुर एस पी दलाली करने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही करेंगे। और वहीं पर महा ठग के कार्यक्रम में रील बनाकर सोशल मीडिया पर महिमा मंडल नाच गाने के साथ नजर आए और साथ में ही महाठग को अपने ही कार्यक्रम में चीफ गेस्ट बनकर भारी डोनेशन दिया और वहीं पर दीपक राठौड़ को माहाठग ने नेक्सोंन कार कर गिफ्ट दी जिसकी चर्चा नगर में जोरों से रही। और उन्होंने कई रक्तदान शिविर लगाएं आयोजन में चर्चित लोगों को चीफ गेस्ट बनाया और लोगों से भारी डोनेशन लिया और जिला प्रशासन आला अधिकारियों के अलावा चित फंड कंपनी के डायरेक्टर पंकज यादव को मुख्य अतिथि बनाकर लाखों का डोनेशन लिया और वहीं पर चिटफंड कंपनी के घोटाले बाज पंकज यादव एक पीड़ति व्यक्ति गजेंद्र अहिरवार ने पकड़ कर उन्हें लाखों रुपए हड़पने के आरोप लगाकर खूब हंगामा किया था जान बचाकर पंकज यादव वहां से निकल गया उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ अगले दो दिन बाद पीड़ति के खाते में 4 लाख ड़50000 जमा कर दिए गए लेकिन यहां रहा बना रहा कि उसके खाते मे घोटालेबाज गुर्गो ने पैसे डाले वही पीड़ति कुछ दिनों शांत रहने के बाद आरोप लग रहा की दीपक राठौर ने 150000 रुपए हड़प लिए हैं कोतवाली निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर पैसे दिलाए जाने की मांग की।

**पीड़ित ने दिया शिकायती पत्र**-पीड़ित गजेंद्र अहिरवार निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली ललितपुर के निवासी ने 21 अक्टूबर को थाना कोतवाली निरीक्षक को पत्र सोपा और बताया कि दीपक राठौर को डेढ़ लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है पत्र में बताया गया है कि ललितपुर मे पी वी इंडिया निधि लिमिटेड कंपनी में एफ डी खोली थी वहीं पर समय पूर्ण हो जाने पर ड़600000 रुपए प्राप्त होना था प्रार्थी का खाता नंबर60416092201 बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ललितपुर शाखा में 2.10.2024 को प्राप्त हो गए हैं। बाकी के 1 लाख 50000 रुपए रह गये थे जिसमें से 1 लाख 50000 रुपए जय अंबे रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राठौड़ बात चंदन अहिरवार नेहरू नगर ने प्राप्त किया मुझे बताया नहीं जब हमने अपने रूपों की मांग की तो टाल मटोल कर रहे थे कहते हैं कि बाद में दे देंगे प्रार्थी को पैसे की आवश्यकता है जब प्रार्थी ने उसे सभी से कहा तो गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि पैसे नहीं देंगे जो दिखाएं सो कर लेना।

# नमामि गंगे जल जीवन योजना धरातल पर धराशाई योजना

ललितपुर। नमामि गंगे जल जीवन योजना धरातल पर धरासाई इस योजना के अंतर्गत बनाई गई लाइन का हाल जानें तो चारों तरफ निराशा ही निराशा दिखाई देती है ग्राम पंचायत धवा और रखवारा में जो पाइप लाइन मदनपुर रोड़ से धवा की ओर डाली गई है वह बिल्कुल रोड़ से सटा कर डाली गई कहीं कहीं तो रोड़ कम चौड़ी होने की वजह से रोड़ के अन्दर ही पाइप लाइन डाल दी जिससे आज हाल ये है कि रोड़ पर हर जगह पानी लीकेज होने की वजह से रोड़ पर वर्षात जैसे माहौल बना हुआ है सड़क डालने वाले ठेकेदार से सड़क जल्द बनाने की बात कही जाए तो उनका जवाब रहता है कि पहले पाइप लाइन तो ठीक होने दो लेकिन पाइप लाइन डालने वाले ठेकेदार लाइन को ठीक करने से कतरा रहे हैं सड़क और पाइप लाइन दोनों ठेकेदारों की लापरवाही का खामयाजा



धवा और रखवारा दोनों गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा है पाइप लाइन लीकेज होने से जगह जगह पानी भरा हुआ है और सड़क पर गड्ढे हो गए हैं गांव वालों का कहना है कि पाइप लाइन डाल ने वाले ठेकेदार ने बाजार से लोकल कला पाइप लाइन में डाला और फिर उसे ऊपर से मिट्टी से बन्द कर दिया मिट्टी से दबाने के कारण पाइप में आगे पानी नहीं जा सका पानी ने अपनी जगह बनाई और कई जगहों से लीक हो गया बाद में ठीक भी किया गया एक जगह लेकिन आगे जाकर पानी लीक का सिलसिला जारी है आज स्तिथि यह है कि गांव में चार से आठ घरों में पानी आ रहा है बाकी पानी पानी की तरह फिजूल में बह रहा है सरकार कहती है कि पानी बचाओ लेकिन आज सरकार की ही योजना के अंतर्गत लाखों लीटर आरों फिल्टर पानी पानी की तरह बह रहा है या इस बरवाद हो रहे पानी को रोका जाए या फिर लाइन ठीक कर के लाइन चालू की जाए

# दीपावली के पहले मिल सकता है डीए कल करेंगे समीक्षा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा


महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

भोपाल भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारीयों ने आज मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी से सौजन्य भेंट कर कर्मचारी हितों की मांगों पर सकारात्मक चर्चा की। माननीय उपमुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि कल ही माननीय मुख्यमंत्री जी और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करके आपकी जायज मांग जो की काफी दिनों से लंबित है उसको अतिशीघ्र पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल भार्गव वायु ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री इंजीनियर भाई कुलदीप जी गुर्जर संयुक्त महामंत्री श्री आशीष जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संघर्षशील महामंत्री श्री जितेंद्र सिंह जी वरिष्ठ कर्मचारी नेता बसंत पुरोहित जी संरक्षक सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ मध्य प्रदेश श्री पी एन तिवारी जी प्रभारी महामंत्री, श्री सुरेश चंद्र बादल जी प्रदेश मंत्री,अनिल एडमिन जी कार्य कारी प्रदेश अध्यक्ष द्वश्चह्ल्झह्य, देवराज जी आदि ने आज उपमुख्यमंत्री से आश्वासन प्राप्त किया है कि अतिशीघ्र 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने बाले कर्मचारी को न्यायालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी, सरकार आदेश जारी कर सभी को काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलने हेतु आदेश जारी किया जायेगा,ष्ठ की राशि कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व मिलने की सकारात्मक पहल हुई है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर अति शीघ्र माननीय मुख्यमंत्री जी से भी भेंट कर निर्णय कराने का प्रयास करेगए डा अनिल भार्गव वायु प्रदेश प्रवक्ता एवम प्रचार मंत्री



# महाठग रवि तिवारी ने दीपक राठौर को दी नेक्सोंन कर तोहफे में

**चर्चित सेलिब्रिटियों को रील बनाकर करता महिमा मंडल, निशुल्क रक्तदान शिविर में चर्चित चीफ गेस्ट को बनाकर लेता भारी डोनेशन**




**ललितपुर**। ब्रेकिंग जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर पर लगे पैसे हड़पने के आरोप पीड़ति ने सदर कोतवाली में दिया शिकायती पत्र पीड़ति ने बताया है कि कुछ दिन पूर्व रक्तदान समिति द्वारा एक कार्यक्रम कराया गया था जिसमें पंकज यादव चिट फंड कंपनी का ठग भी मुख्य अतिथि बनकर आया था वहीं पर पीड़ति से विवाद हुआ था जिसको लेकर ठग के द्वारा पीड़ति के पैसे वापस कर दिए गए लेकिन आधे पैसे दीपक राठौर ने अपने पास रख लिए है पीड़ति ने कई बार पैसे मांगे लेकिन उसके पैसे नहीं मिल रहे हैं तब जाकर पीड़ति ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है क्या ललितपुर एस पी दलाली करने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही करेंगे और वहीं पर महा ठग के कार्यक्रम में रील बनाकर सोशल मीडिया पर महिमा मंडल नाच गाने के साथ नजर आए और साथ में ही महाठग को अपने ही कार्यक्रम में चीफ गेस्ट बनकर भारी डोनेशन दिया और वहीं पर दीपक राठौड़ को माहाठग ने नेक्सोंन कार कर गिफ्ट दी जिसकी चर्चा नगर में जोरों से रही और उन्होंने कई रक्तदान शिविर लगाएं आयोजन में चर्चित लोगों को चीफ गेस्ट बनाया और लोगों से भारी डोनेशन लिया। और जिला प्रशासन आला अधिकारियों के अलावा चित फंड कंपनी के डायरेक्टर पंकज यादव को मुख्य अतिथि बनाकर लाखों का डोनेशन लिया और वहीं पर चिटफंड कंपनी के घोटाले बाज पंकज यादव एक पीड़ति व्यक्ति गजेंद्र अहिरवार ने पकड़ कर उन्हें लाखों रुपए हड़पने के आरोप लगाकर खूब हंगामा किया था जान बचाकर पंकज यादव वहां से निकल गया उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ अगले दो दिन बाद पीड़ति के खाते में 4 लाख 50000 जमा कर दिए गए लेकिन यहां रहा बना रहा कि उसके खाते मे घोटालेबाज गुर्गो ने पैसे डाले वही पीड़ति कुछ दिनों शांत रहने के बाद आरोप लग रहा की दीपक राठौर ने 150000 रुपए हड़प लिए हैं

## कोतवाली निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर पैसे दिलाए जाने की मांग की, पीड़ित ने दिया शिकायती पत्र

- पीड़ित गजेंद्र अहिरवार निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली ललितपुर के निवासी ने 21 अक्टूबर को थाना कोतवाली निरीक्षक को पत्र सोपा और बताया कि दीपक राठौर को डेढ़ लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है पत्र में बताया गया है कि ललितपुर मे पी वी इंडिया निधि लिमिटेड कंपनी में एफ डी खोली थी वहीं पर समय पूर्ण हो जाने पर ?600000 रुपए प्राप्त होना था प्रार्थी का खाता नंबर60416092201 बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ललितपुर शाखा में 2.10.2024 को प्राप्त हो गए हैं
- बाकी के 1 लाख 50000 रुपए रह गये थे जिसमें से 1 लाख 50000 रुपए जय अंबे रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राठौड़ बात चंदन अहिरवार नेहरू नगर ने प्राप्त किया मुझे बताया नहीं जब हमने अपने रूपों की मांग की तो टाल मटोल कर रहे थे कहते हैं कि बाद में दे देंगे प्रार्थी को पैसे की आवश्यकता है जब प्रार्थी ने उसे सभी से कहा तो गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि पैसे नहीं देंगे जो दिखाएं सो कर लेना। पीड़ित मैं रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की



# प्रियंका चोपड़ा

## ने दिखाया परफेक्ट फिगर, नो मेकअप लुक में हसीन दिखीं आलिया तो कैटरीना का दिल हुआ गुलाबी



बॉलीवुड की एक्ट्रेस फिल्मी पर्दे पर अपना जलवा बिखरने के साथ ही फैशनेबल लगना भी जरूरी होता है। हसीनाएं अक्सर बन ठन कर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं यहां हम कुछ ऐसी ही हसीनाओं की बात कर रहे हैं जिन्होंने हमारी नजरों में इस वीक स्टाइल में बाजी मार ली।

**प्रियंका चोपड़ा**

प्रियंका चोपड़ा हाल ही में भारत आई थी। इंडिया पहुंचते ही उन्होंने अपने अलग-अलग स्टाइलिश लुक्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। पहली फोटो में वह मैक्स फैक्टर इवेंट के लिए Stella McCartney की सिल्वर आउटफिट में नजर आ रही हैं जिसका फ्रंट मिनी ड्रेस जैसा है, तो पीछे इसमें ट्रेल अटैच की है। इसके अलावा तरुण ताहिलियानी के कॉरसेट स्टाइल गाउन और धोती जैसे स्कर्ट वाले लुक में भी देसी गर्ल अपना जादू चला गईं।

**आलिया भट्ट**

एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों  यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग कश्मीर में हो रही हैं। हाल ही में आलिया ने वहां से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में आलिया हरियाली से घिरी धूप का आनंद लेते हुए कश्मीर की खूबसूरती को निहार रही हैं।

तस्वीरों में आलिया ग्रे स्वेटर में दिखाई दे रही हैं।  न्होंने बिना मेकअप के लुक अपनाया। इस दौरान आलिया ने क्यूट सी कैप पहनी है।

**कैटरीना कैफ**

कैटरीना कैफ Johanna Ortiz की फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस में बेहद ही हसीन लग रही हैं। इसके ऊपर उनकी फ्लोइ फुल स्लीव्स और फ्रंट नेकलाइन में दिया कट शानदार लगा। इसके साथ उन्होंने मिनिमल जूलरी स्टाइल की। तो इंटरनेट पर ड्रेस की कीमत 1,87,767 रुपये दी गई। जिसमें कैट की ब्यूटी देखने लायक है।

# तारा सुतारिया

## ने ताहा शाह बदुशा के शिष्टतापूर्ण व्यवहार की तारीफ की



शिष्टाचार और दोस्ती का दिल छू लेने वाला प्रदर्शन करते हुए, तारा सुतारिया ने हाल ही में ताहा शाह बदुशा के साथ एक प्यारा लम्हा अपने सोशल मीडिया पर साझा किया। उनके इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किए गए वीडियो में ताहा को तारा की ड्रेस का ट्रेल पकड़ते हुए देखा जा सकता है ताकि वह मंच पर सहजता से चल सकें। इस जोड़ी की केमिस्ट्री और आकर्षण साफ़ झलक रहा था, जिसने रैंप पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तारा ने वीडियो को कैप्शन दिया, "@tahashah, मेरी ड्रेस का ट्रेल इतनी प्यार से पकड़ रहे हैं! शिष्टाचार मरा नहीं है, जिससे ताहा के सज्जन व्यवहार को उजागर किया। इस इशारे ने न केवल उनके गहरे संबंध को दिखाया, बल्कि उनकी उपस्थिति में और भी शान जोड़ दी।

हीरामंडी में अपनी सफलता के बाद, ताहा शाह बदुशा को ग्रीन फॉरेस्ट कहा जाने लगा है, और उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन और बढ़ती लोकप्रियता के साथ इस उपाधि को सही साबित किया है। उनकी विशाल महिला प्रशंसक-मंडली उनके आकर्षण और सम्मानजनक व्यवहार का प्रमाण है, चाहे वह पर्दे पर हो या पर्दे के पीछे।

ताहा का यह गुण कि वह अपने आसपास के सभी लोगों को, चाहे वह सह-कलाकार हों, सीनियर्स हों या प्रशंसक, सभी को सहज और सम्मानित महसूस कराते हैं, इस प्यारे पल में तारा के साथ पूरी तरह से प्रदर्शित हुआ। उनके बीच की आपसी स्नेह और गर्मजोशी दर्शकों को और भी पसंद आती जा रही है।



# शादी के 6 साल बाद प्रिंस नरूला बने पिता, युविका ने बेटी को दिया जन्म



प्रिंस नरुला और युविका चौधरी माता-पिता बन गए हैं. दोनों के घर खुशियों ने दस्तक दी है. युविका चौधरी ने शनिवार की शाम बेटी को जन्म दिया. प्रिंस ने खुद इंस्टाग्राम स्टोरी पर पैरेंट बनने की खबर को कंफर्म किया है. करण कुंद्रा ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें मुबारकबाद दी, जिसे प्रिंस ने अपने इंस्टा स्टोरी में शेयर किया है.

प्रिंस नरुला ने निवेदिता बसु की इंस्टाग्राम स्टोरी को भी अपनी स्टोरी पर शेयर किया है. इसमें लिखा है- मुबारक हो. लड़की हुई है. पिछले हफ्ते ही प्रिंस और युविका ने अपनी एनिवर्सरी सेलिब्रेट की थी और कई तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की थी. इन तस्वीरों में युविका बेबी बंप के साथ नज़र आ रही थीं. बताया जा रहा है कि वो आईवीएफ के ज़रिए मां बनी हैं.अब तक युविका और प्रिंस ने खुद पैरेंट बनने को लेकर कोई पोस्ट शेयर नहीं किया है. हालांकि प्रिंस के पिता जोगिंदर नरुला ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए बताया, हम धन्य हैं और खुश हैं.

**जून में किया था प्रेग्नेंसी का ऐलान**

युविका चौधरी ने इसी साल जून में ऐलान किया था कि वो प्रेग्नेंट हैं. प्रिंस और युविका पहली बार माता-पिता बने हैं ऐसे में शनिवार का दिन उनकी जिंदगी में बेहद खास है. युविका की प्रेग्नेंसी की जानकारी देते हुए जून में प्रिंस ने लिखा था, मुझे नहीं पता कि अभी मैं अपनी भावनाओं को कैसे व्यक्त करूं, क्योंकि हम एक ही वक्त पर खुश भी हैं और नर्वस भी. भगवान का शुक्रिया हम पैरेंट बनने को लेकर सुपर एक्साइटेड हैं.

**बिग बॉस में हुआ प्यार और फिर कर ली शादी**

प्रिंस नरुला और युविका चौधरी की लव स्टोरी सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस 9 में शुरू हुई थी. प्रिंस ने शो के दौरा दिल की आकार वाले पराठे से युविका को प्रपोज़ किया था. उस पर लिखा था, ये सच है. दोनों ने साल 2018 में एक दूसरे से सगाई की थी. उसी साल 12 अक्टूबर को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में धूम धाम से प्रिंस और युविका ने शादी कर ली थी. दोनों ने साथ में डांस रिएलिटी शो नच बलिए में पार्टिसिपेट किया था और इस शो में ये जोड़ी विनर बनी थी.

# साउथ सुपरस्टार Allu Arjun ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा, क्या है मामला?



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन साल 2024 में आंध्र प्रदेश के जनरल इलेक्शन्स के दौरान सुर्खियों में आए थे. उन्होंने नंदयल में चुनाव के दौरान अपने साथी और ह्वस्त्रष्टकके नेता शिल्पा रवि चंद्र रेड्डी का समर्थन किया था. इस दौरान विधानसभा चुनाव से पहले उनपर आचार संहिता का उल्लंघन करने का भी उनपर आरोप लगा था. आरोप था कि अल्लू अर्जुन और रेड्डी ने बिना इजाजत के विधायक के आवास पर सार्वजनिक जनसभा का आयोजन किया था. इसी सिलसिले में उनपर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा था. अब इस मामले में ही अल्लू अर्जुन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

**क्या है मामला ?**

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को एक पुराने मामले में राहत पाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. दरअसल विधानसभा चुनाव 2024 से पहले उन्होंने अपने साथी शिल्पा रवि चंद्र रेड्डी की पार्टी का समर्थन किया था. बिना अनुमति के एक जनसभा का आयोजन किया गया जिस दौरान अल्लू अर्जुन ने नंदयाल में अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई थी. उनके आने के बाद वहां पर अल्लू के कई सारे फैंस इकट्ठा हो गए थे जिससे यातायात को भी काफी नुकसान हुआ था. इसके बाद एक शख्स ने अल्लू और रवि के खिलाफ ब्नृस् (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 144 और 188 के तहत केस फाइल किया गया था. इस मामले में ही राहत पाने के लिए अब अल्लू अर्जुन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

**हाई कोर्ट में अल्लू अर्जुन ने की ये अपील**

अल्लू अर्जुन ने इस मामले में क्लियर किया है कि उनका इरादा गलत नहीं था और वे सिर्फ अपने दोस्त को सपोर्ट करने के लिए जनसभा का हिस्सा बने थे. अब एक्टर ने हाई कोर्ट से ये अपील की है कि उनके खिलाफ चल रहे केस को रद्द कर दिया जाए. अल्लू अर्जुन के इस केस की सुनवाई कल यानी 22 अक्टूबर 2024 को होगी. अब देखने वाली बात ये है कि अदालत में इस मामले पर क्या फैसला सुनाया जाता है.

**पुष्पा 2 की कर रहे तैयारी**

अल्लू अर्जुन के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे पुष्पा 2 फिल्म की रिलीज की तैयारी में जुटे हुए हैं. फिल्म 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज कर दी जाएगी. इसके पहले पार्ट को खूब पसंद किया गया था. अब इसके दूसरे पार्ट को लेकर भी कुछ ऐसी ही उम्मीद है. फैन्स पहले से ही इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं.

# आचार्य विद्यासागर महाराज एवं समय सागर महाराज के जन्मदिन पर हुए पंच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चातुर्मास का मुख्य आकर्षण प्रतिभा स्थली की बालिकाओं के द्वारा दिए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे फ्रांस के अंतरराष्टीय वरिष्ठ पत्रकार एवं फोटोग्राफर क्रिस्टोफ़ बोइसविक्स बालिकाओं के द्वारा दी गई प्रस्तुति देख भावुक हो उठे एवं उन्होंने भारत माता की जय के नारे लगाए एवं उपस्थित सभी देशी एवं विदेशी भारतीय संस्कृति प्रेमियों ने भरपूर सराहना की श्री मतंगेश्वर महाराज, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, एवं भारत माता की जयकारों से शांतिनाथ प्रांगण गूंज उठा श्री मतँगेश्वर सेवा समिति खजुराहो , एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा ने आचार्य श्री के जन्मदिवस पर श्रीफल भेंट कर प्रतिभा स्थली की बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्होंने बताया कि आचार्य श्री के आशीर्वाद से संचालित प्रकल्प

1- शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा स्थली रामटेक, इंदौर, ललितपुर, डोंगरगढ़ जबलपुर

2- हथकरघा जेलों तथा आदिवासी क्षेत्रों हथकरघा लगवाए

3- आर्युवेदिक औषधालय पूर्णायु जबलपुर एवं भाग्योदय सागर

4- लगभग 65 हजार गौ बंश का संरक्षण

जैन धर्म के प्रतिष्ठित संत समाधिस्थ आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महामुनिराज एवं उन्हीं के पट्ट शिष्य गृहस्थ अवस्था के भाई विद्या शिरोमणि आचार्य भगवन समयसागर जी महामुनिराज का अवतरण दिवस शरद



पूर्णिमा 5 दिवसीय पर्व के रूप में मनाया गया आचार्य श्री के संदेश जो विचार बन गए इंडिया नही भारत बोलो से प्रेरणा पाकर अधिकांश जगह हिंदी भाषा का उपयोग होने लगा। इसी तरह गौ रक्षा करो भारत बचाओ, भारतीय संस्कृति बचाओ धर्म बचाओ, हथकरघा के वस्त्र अपनाओ स्वदेशी पहनो स्वावलंबी बनो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,प्रतिभा स्थली आओ शिक्षा के साथ संस्कार अपनाओ, पशु धन हमारी प्राकृतिक धरोहर है, इसके विनाश से न तो हरियाली बचेगी न खुशहाली

आचार्य भगवन गुरुदेव के सपनों की उ?ान हथकरघा उद्योग के माध्यम से गुरुजी की कोशिश रही है कि ढ्ढह्रष्ठ्र से भारत बनाने के लिये घर घर में सिर्फ चरखा ही नही हथकरघा भी होना चाहिये। कार्यक्रम का सफल संचालन भोपाल के राष्ट्रीय कवि चंद्रसेन जैन ने किया, व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में रमेश चंद जैन प्रदीप जैन राकेश जैन ने सहयोग दिया.

# शुद्ध पेयजल के लिए अभी 6 माह और करना होगा इंतजार

**दैनिक पुष्पांजली मालनपुर संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर, ग्राम पंचायत से नगर परिषद का गठन होने के तीन साल बाद भी नगर की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल के लिए नगरवासियों को छह माह तक और इंतजार करना होगा। बरसात शुरू होने से पहले नलों से शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाएगा।अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ था कार्य अमृत-2.0 के तहत नगर में नल जल योजना का भूमिपूजन पांच अक्टूबर 2023 को सांसद संध्या राय व पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने किया था। शिलान्यास के वक्त एक साल में कार्य पूरा होने का वादा किया गया था। लेकिन अब तक 70 प्रतिशत ही कार्य पूरा हो पाया है। 30 प्रतिशत कार्य पूरा होने में कम से कम छह माह का समय और लगेगा। लोगों को उम्मीद थी कि दीपावली के पूर्व नलों से पानी मिल जाएगा, लेकिन अबअधिकारी कह रहे हैं कि समय लगेगा। नल जल योजना पर 14.98 लाख रुपए की नल जल योजना के चालू होने का इंतजार कर रहे लोगों को विलंब से निराशा हुई है। वार्ड तीन के दीवान सिंह भदौरिया कहते हैं कि दीपावली पर नल जल मिलने की उम्मीद थी, लेकिन छह माह समय और बढ़ा देने से निराशा हुई है। स्थानीय निवासी मनोज सिंह ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारी अब तक दीपावली तक पेयजल उपलब्धनिर्माणाधीन पानी की टंकी, कनेक्शन के लिए छह माह पहलेसे लगे पाइप।एनओसी में खराब हुए चार माहदरअसल औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिएआईआईडीसी की एनओसी की आवश्यकता होती है। नगर परिषद व आईआईडीसी के अधिकारियों के बीच समन्वय न हो पाने से काम शुरू करने के लिए एनओसी मिलने में चार माह का समय लग गया। इससे कार्य छह माह तक विलंबित हो गया। जबकि नगर की 20 हजार की आबादी को इस दीपावली पर नल जल मिलने की पूरी उम्मीद थी।कराने का दावा कर रहे थे, अब छह माह और इंतजार करना पड़ेगा।

## इनका कहना है

नगर एमपीआईआईडीसी से एनओसी मिलने मेंपरिषद को चार माह का समय लगा। समय पर एनओसी मिल जाती तो इस साल के अंत तक काम पूरा हो जाता। अब छह माह और इंतजार करना पड़ेगा।

**यशवंत राठौर, सीएमओ**

नगर परिषद ने एनओसी के फाइल प्रस्तुत की थी, उसमें दस्तावेज पूरे नहीं थे। दस्तावेजों की पूर्ति में समय लगा, इसलिए एनओसी देर से जारी हो सकी।

**संजय शर्मा, नोडल अधिकारी एमपीआईडीसी, मालनपुर**

# सकल ब्राह्मण महासमिति 6 को वैदिक विद्वान सम्मान से सम्मानित करेगी

ग्वालियर । सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर द्वारा 25 दिसंबर को होने वाले निशुल्क ब्राह्मण युवक युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन के पंजीयन उप केंद्र का श्रीमती संगीता शर्मा के निवास, टोटा की बजरिया,ग्वालियर में उद्घाटन जिझोतिया ब्राह्मण समाज के प्रदेश संयोजक श्री रामनारायण मिश्रा के मुख्य अतिथि में तथा आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज गुरुजी की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि भार्गव समाज के पूर्व अध्यक्ष श्यामबाबू शर्मा, देवेंद्र पाठक,ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण



समाज के महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा,सम्मेलन की महिला संरक्षिका श्रीमती संगीता शर्मा, सुधा दीक्षित ने भगवान श्री परशुराम जी पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ किया । संचालन रवि आनंद गौड़ ने किया। आभार संगीता शर्मा ने माना।

सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा 6 नवंबर को वैदिक विद्वान सम्मान समारोह एवं अन्नकूट सायं काल 4-30 बजे, से स्थान - श्री प्रकाश नारायण शर्मा जी की बिल्डिंग, ऊंट पुल, जिंसी नाला, लश्कर ग्वालियर पर किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश प्रसाद शर्मा को सर्वसम्मति से बनाया।अतिथियों का स्वागत संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज, शैलेंद्र दीक्षित,शशि व्यास, रेनू शर्मा ,नीतू शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ जयवीर भारद्वाज ने कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दी। सम्मान समारोह में वैदिक विद्वान श्री पं.आचार्य चैतन्य महाप्रभु जी, पं.गिर्राज शरण शर्मा शास्त्री.अम्बिका प्रसाद पचौरी . पं.भरत शास्त्री. पं.डा.भैरव दत्त शास्त्री. पं.घनश्याम शास्त्री. पं.राजेन्द्र तिवारी. पं अश्वनी वोहरे.,पं .सुनील दंडोतिया. पं.विकाश त्रिपाठी .पं. पंडित रमाकांत शास्त्री जी विद्वानों एवं आजीवन सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। कूपन के साथ अन्नकूट प्रसादी वितरण किया जायेगा। मुख्य अतिथि आसान से कहा कि दीपावली मिलन ब्राह्मण समाज का सकल ब्राह्मण समाज का विवाह योग्य युवक- युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन ऐतिहासिक हुआ है। और सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा 4 नवंबर को लाइब्रेरी का शुभारंभ एवं 6 नवंबर को पांडव पंचमी के दिन वैदिक विद्वानों का सम्मान के साथ दीपावली मिलन एवं अन्नकूट समाज के लिए उल्लेखनीय इसमें सभी को सहयोग कर एक जुटता का संदेश का आमजन के साथ प्रेषित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदिगौ? ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष गिर्राज गुरु ने कहा कि वैदिक विद्वान समारोह ब्राह्मणों की योग्यता को जन-जन तक पहुंचायेगा ।और सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए वेद पाठों का अध्ययन हर घर के अंदर होना चाहिए। 24 अक्टूबर को सायं काल 5-00 बजे श्री ललित गौड़ निवास, शिंदे की छावनी तिराहा लश्कर पर पंजीयन उपकेंद्र का शुभारंभ किया जाएगा।

# दीपावली का त्यौहार सिर पर, नगर निगम जुटा जबरिया वसूली में, कार्यवाही नहीं रोकी तो चेम्बर सामने आकर करेगा विरोध

ग्वालियर। नगर निगम द्वारा व्यापारियों से ट्रेड लायसेंस बनवाने के लिए जबरिया कार्यवाही की जा रही है और उनके प्रतिष्ठानों को तालाबंदी करते हुए सील्ड किया जा रहा है जबकि नगर निगम को किसी भी प्रतिष्ठान को बंद करने अधिकार नहीं है7 मंदी के बाद त्यौहारी सीजन पर व्यापार का समय आया है7 नगर निगम की इस तानाशाही पूर्ण कार्यवाही से व्यापारी भयाक्रांत हैं7 नगर निगम द्वारा व्यापारियों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रता?ित किया जा रहा है7 यह बात आज आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में आये चेम्बर के विभिन्न व्यापारिक समूहों से प्रतिनिधित्व करने वाले व्यापारियों ने कही7 व्यापारियों ने निगम की इस कार्यवाही को तुगलकी बताते हुए संघर्ष करने का आव्हान किया7 इसके साथ ही बैठक में व्यापारियों ने शहर के महाराज बा?ा सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम मदिरापान किये जाने से शहर की छवि खराब होने तथा नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए इस पर कार्यवाही की बात कही7 वहीं माधवनगर गेट के सामने विकास कार्यों के कारण खोदी गई स?क से आवागमन में परेशानी एवं लगने वाली जाम की परेशानी से अवगत कराया7

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीपनारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी



विज्ञप्ति में बताया है कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि नगर निगम द्वारा ट्रेड लायसेंस के लिए त्यौहारी सीजन पर व्यापारियों की दुकानों को सील्ड किया जाना स्वीकार्य नहीं है7 निगम की यह कार्यवाही तानशाही को प्रदर्शित करने वाली है7 दीपावली का त्यौहार सिर पर है, यदि निगम द्वारा ट्रेड लायसेंस के साथ ही किसी भी शुल्क के लिए इस प्रकार की जबरिया कार्यवाही को नहीं रोका गया तो चेम्बर ऑफ कॉमर्स इसका सामने आकर तीव्र विरोध करेगा7 चेम्बर पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि माधवनगर गेट के सामने खोदी गई स?क को दीपावली से पूर्व मोटेरेबल किया जाए एवं सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम मदिरापान को रोका जाए क्योंकि यह एक दण्डनीय अपराध है7

# गजराराजा मेडिकल कॉलेज में मध्यप्रदेश का पहला सीआरटी सेंटर शुरू

*ग्वालियर। स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्वालियर में एक और ब?ा आयाम जुड़ा है। अत्यंत जरूरतमंद मरीज को पुनर्जीवन देने से संबंधित प्रशिक्षण के लिए ग्वालियर के गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को सीआरटी सेंटर (कम्प्रेहेंसिव रिससिटेशन ट्रेनिंग सेंटर) शुरू हो गया है। यह मध्यप्रदेश का पहला प्रशिक्षण केन्द्र है। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आर.के.एस.धाकड़ ने इस केन्द्र का शुभारंभ किया। ग्वालियर में सीआरटी सेंटर शुरू हो जाने से अब महाविद्यालयीन चिकित्सा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण पूरा करने के लिये देश के अन्य महानगरों में जाने की जरूरत नहीं रहेगी। ज्ञात हो एनएमसी (नेशनल मेडीकल कमीशन) ने स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिये बेसिक कार्डियो पल्मोनरी लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियो पल्मोनरी लाइफ सपोर्ट कोर्स को अनिवार्य किया है। सीआरटी सेंटर शुरू हो जाने से अब यहाँ के स्नातकोत्तर विद्यार्थी अब ग्वालियर में ही यह कोर्स कर सकेंगे। शुभारंभ अवसर पर अधिष्ठाता डॉ.आर.के.एस.धाकड़ ने कहा कि सीआरटी सेंटर हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। खुशी की बात है कि गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय में मध्यप्रदेश के प्रथम सीआरटी केंद्र का बुधवार को शुभारंभ हुआ है। इस केंद्र का लाभ चिकित्सकीय कार्य में लगे व्यक्ति के साथ-साथ आमजन को भी मिलेगा। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यायल में सीआरटी सेंटर के शुभारंभ अवसर पर*



*संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक जेएएच डॉ. सुधीर सक्सेना, विभागाध्यक्ष इमरजेंसी मेडिसिन विभाग डॉ.जीतेंद्र अग्रवाल, विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ.यशोधरा गौड़, विभागाध्यक्ष निश्चेतना विभाग (सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक) डॉ.नीलिमा टंडन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.वृंदा जोशी, डॉ.अर्चना मौर्य एवं अन्य चिकित्सक एवं चिकित्सकीय स्टॉफ उपस्थित रहा।*

*इस प्रकार काम करता है सीआरटी सेंटर-**सीआरटी सेंटर एक स्वतंत्र** कार्यशील ईकाई है जो इंडियन रिससिटेशन काउंसिल फेडरेशन के नियमों एवं नीतियों के तहत कार्य करती है। केंद्र के प्रशासनिक प्रमुख के रुप में एक कोर्डिनेटर होता है जो इंडियन रिससिटेशन काउंसिल फेडरेशन के दिशा-निर्देशों का पालन करता है। सीआरटी केंद्र के अंतर्गत संचालित सभी गतिविधियों का एक प्रभारी होता है। ग्वालियर केंद्र के लिए कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी निश्चेतना विभागाध्यक्ष, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक डॉ.नीलिमा टंडन को दी गई है।*

***प्रशिक्षणार्थी को मिलता है महत्वपूर्ण प्रमाण-पत्र**-सीआरटी सेंटर में चिकित्सकीय क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को 2.5 दिन के कोर्स में बेसिक कार्डियो पल्मोनरी लाइफ सपोर्ट, एडवांस कार्डियो पल्मोनरी लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा तत्पश्चात इसके लिए एक प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जावेगा। यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले चिकित्सक सीआरटी के अनुसार चिकित्सा करने के लिये विधिवत पात्र हो जाते हैं।*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478